संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -167 शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




# 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान आज

## गुलाम नबी आज़ाद अनंतनाग-राजौरी सीट से नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव



**अनंतनाग,18 अप्रैल 2024(ए)।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आज़ाद अनंतनाग-राजौरी सीट से लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। अब उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी ने मोहम्मद सलीम पारे को दक्षिण कश्मीर की इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में ही डीपीएपी ने कहा था कि आज़ाद इस सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे।

## डीआरडीओ ने फिर गाड़े सफलता के झंडे



### भारत की इस मिसाइल से डरेंगे चीन-पाकिस्तान

**भुवनेश्वर,18 अप्रैल 2024(ए)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के हिस्से एक और सफलता जुड़ गई है। डीआरडीओ ने गुरुवार को एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी निर्भय क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया। इस मिसाइल का सफल परीक्षण ओडिशा के तट पर किया गया। डीआरडीओ की तरफ से जानकारी दी गई कि परीक्षण के दौरान सभी उपप्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया।

## 8 केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का होगा फैसला

**नई दिल्ली,18 अप्रैल 2024(ए)।** लोकसभा चुनावों का आगाज शुक्रवार (19 अप्रैल) से शुरू होने जा रहा है। पहले फेज के तहत 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होनी है। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1625 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 1491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। पहले फेज में 8 केंद्रीय मंत्रियों, 2 पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले चुनाव (2019) में यूपीए ने इन 102 सीटों में से 45 और एनडीए ने 41 सीटें जीती थीं। लोकसभा चुनाव के पहले फेज के साथ ही अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी होंगे। पहले फेज में तमिलनाडु की सभी 39 सीटों,राजस्थान की 25 में से 12 सीटों पर, यूपी की 80 में से 8 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 6 सीटों पर वोटिंग होगी. महाराष्ट्र की 5, असम की 5, उत्तराखंड की 5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, मेघालय की 2, अरुणाचल प्रदेश की 2 और मणिपुर की 2 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा पुडुचेरी, मिजोरम, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, सिक्किम, त्रिपुरा, नगालैंड और अंडमान-निकोबार की 1-1 सीट पर वोटिंग होनी है. नतीजे 4 जून को आएंगे।

### क्या है वोटिंग टाइम ?

वोटिंग टाइम सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक है. लेकिन 5 बजे तक जो लोग लाइन में लगे हुए रहेंगे,उन्हें वोट डालने दिया जाएगा।

### इन सीटों पर डाले जाएंगे वोट

**तमिलनाडु:**-चेन्नई सेंट्रल, श्रीपेरंबदूर, कांचीपुरम, अरक्कोणम, वेल्लोर, कृष्णागिरी, धर्मपुरी, तिरुवन्नामलाई, अरणी, विलुप्पुरम, कल्लाकुरिची,पोलाची, डिंडीगुल, करूर, तिरुचिरापल्ली ,पेरम्बलुर, कुड्डालोर, चिदम्बरम, मयिलादुथुराई, नागपट्टिनम, तंजावुर, शिवगंगा, मदुरै, थेनी, विरुधुनगर, रामनाथपुरम, थूथुक्कुडी, तेनकासी, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी, तिरुवल्लुर, चेन्नई ईस्ट, चेन्नई साउथ,सलेम, नामक्कल, इरोड, तिरुप्पुर, नीलगिरी, कोयंबटूर।

**उत्तर प्रदेश:**-मुरादाबाद, पीलीभीत और रामपुर.सहारनपुर, कैराना, मुज्जफनगर, बिजनौर, नगीना।

**मध्य प्रदेश:**-मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा.सीधी, शहडोल, जबलपुर।

**राजस्थान:**-अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर.गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर।

**असम:**-काजीरंगा, सोनितपुर, तखीमपुर, डिबरुगढ़ और जोरहट।

**बिहार:**-औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई।

**उत्तराखंड:**- टिहरी गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोडा, नैनीताल, उधमसिंह नगर और हरिद्वार।

**महाराष्ट्र:**-रामटेक, नागपुर, भंडारा-गोंडिया, गढ़चिरौली चिमूर और चंद्रपुर।

**पश्चिम बंगाल:**-कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी।

**मणिपुर:**-इनर मणिपुर सीट और आउटर मणिपुर की कुछ विधानसभा क्षेत्रों में।

**छत्तीसगढ़:**- बस्तर।

**जम्मू-कश्मीर:**- ऊधमपुर।

**अरुणाचल प्रदेश:**-अरुणाचल पश्चिम, अरुणाचल पूर्व।

**मेघालय:**- शिलांग, तुरा।

**त्रिपुरा:**- त्रिपुरा पश्चिम।

मिजोरम,लक्षद्वीप,पुडुचेरी,सिक्किम,नगालैंड अंडमान और निकोबार।

### इन सीटों पर सबकी रहेगी नजर

पहले चरण में जिन महत्वपूर्ण सीटों पर चुनाव होने जा रहा है उनमें नागपुर, नगीना, कन्याकुमारी, बंगाल की कूचबिहार, चेन्नई सेंट्रल, मुज्जफनगर, सहारनपुर, कैराना, पीलीभीत, डिब्रूगढ़, जोरहट, जयपुर, छिंदवाड़ा, जमुई, बस्तर, नैनीताल व लक्षद्वीप शामिल हैं। इन हॉट सीटों पर सबकी नजर रहेगी। इसके अलावा असम की काजीरंगा, सोनितपुर, लखीमपुर, डिब्रूगढ़ और जोरहट सीटों पर भी निगाह रहेगी।

### उत्तर बंगाल में तीन संसदीय क्षेत्रों में मतदान

पश्चिम बंगाल में शुक्रवार को जिन तीन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, उनमें कूचबिहार निर्वाचन क्षेत्र पर सभी की नजर होगी। कूच बिहार लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और बीजेपी प्रत्याशी निसिथ प्रमाणिक का तृणमूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया से मुकाबला है। इसी संसदीय क्षेत्र के सीतलकुची में 2021 में विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की कथित गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई थी। इस घटना को वर्तमान चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस ने मुद्दा भी बनाया है।




## 252 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिन 102 सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा उनमें से 42 सीट ऐसी हैं जहां पर तीन या इससे अधिक उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने अपने विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी है। पहले फेज के लिए नामांकन दाखिल करने वाले 1625 उम्मीदवारों में से 1618 उम्मीदवारों के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया।

एडीआर के हलफनामों के विश्लेषण के अनुसार 1,618 उम्मीदवारों में से 16 प्रतिशत यानी 252 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि 10 प्रतिशत यानी 161 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## मध्य प्रदेश की 6 सीटों पर 1.13 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

मध्य प्रदेश की जिन छह संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है, उनमें 46 विधानसभा क्षेत्र आते हैं और यह 13 जिलों में फैला हुआ है। कुल 88 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जिसमें 81 पुरुष और सात महिलाएं हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी जबलपुर में तो सबसे कम 10 प्रत्याशी शहडोल में हैं। मतदान का समय सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा.। बालाघाट संसदीय क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा जो नक्सली प्रभाव का क्षेत्र हैं,वहां पर मतदान सुबह 7 से 4 बजे तक होगा।

### राजस्थान में पहले फेज के मतदान के लिए कड़ी सुरक्षा

राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 12 लोकसभा सीट पर मतदान शुक्रवार को होगा, जिसके लिए सुरक्षा चाक चौबंद की गई है। पुलिस के 75000 जवान सहित अन्य सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं.। राज्य में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सीमावर्ती राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात राज्य से लगने वाली राजस्थान की सीमाओं को सील करके 225 चेक पोस्ट स्थापित की गई हैं।

### उत्तराखंड में मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम

उत्तराखंड सहित देश की 102 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। उत्तराखंड में सभी पांच लोकसभा सीटों पर सुरक्षित और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। उत्तराखंड की पांचों सीटों पर चुनाव प्रचार थम गया है। प्रदेश में 83,37,914 मतदाता हैं. 19 अप्रैल को 55 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। मतदान कराने के लिए एक लाख से अधिक कार्मिक और पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से ज्यादा मतदान कर्मी तैनात

चुनाव आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से ज्यादा मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। वहीं, 35.67 लाख लोग फर्स्ट टाइम वोटर्स हैं. इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

## नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पहले फेज में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी वोटिंग होनी है.। सुरक्षित और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों की हेलीड्रॉपिंग कराई जा रही है। सुरक्षा कर्मियों की हेलीड्रॉपिंग में वायु सेना के हेलीकॉप्टर्स की मदद ली गई है। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक गढ़चिरौली में मतदान के लिए शुक्रवार को 15 हजार सुरक्षाबलों की तैनाती रहेगी। यहां निष्पक्ष चुनाव व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 40 सीएपीएफ की कंपनियां हैं। इसके अलावा यहां सीआरपीएफ की 30 और एसआरपीएफ की 17 कंपनियां भी तैनात हैं। केंद्रीय बलों की कुल 87 कंपनियां चुनाव ड्यूटी पर लगाई गई हैं।

## यूपी की 8 लोकसभा सीट पर पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन सीट पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए मतदाता भी तैयार हैं। लगभग सभी सीट पर भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।

# ईडी ने अरविंद केजरीवाल पर लगाया बड़ा आरोप

**केजरीवाल जानबूझकर आम-मिठाई खा रहे,ताकि ब्लड शुगर बढ़े और जमानत मिले,आतिशी बोलीं-वे रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते हैं...**

**नई दिल्ली,18 अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार 18 अप्रैल को बड़ा आरोप लगाया। ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 18 दिन से बंद हैं। कोर्ट ने उन्हें घर का खाना खाने की अनुमति दी है।वहीं, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते है। उन्हें सीवियर डायबिटीज है। ईडी केजरीवाल का घर का खाना बंद करना चाहती है।



### अब समझें ये बात कैसे सामने आई

दरअसल, केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ट्रायल कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर केजरीवाल के डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेडिकल कंसल्टेशन लेने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि केजरीवाल टाइप-2 डायबिटीज के मरीज हैं और उनका ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है। इसके जवाब में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि केजरीवाल तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल के घर से ऐसा ही खाना आ रहा है, जिसमें शुगर और कॉर्ब्स की मात्रा ज्यादा रहती है।

### ईडी सरासर झूठ बोल रही है:आतिशी

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा- अरविंद केजरीवाल रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। इतनी मात्रा में इंसुलिन वही व्यक्ति लेता है, जिसे सीवियर डायबिटीज होती है। डायबिटिक पेशेंट क्या खाएगा, क्या एक्सरसाइज करेगा, ये तय रहता है। इसी वजह से कोर्ट ने उन्हें घर के खाने की परमिशन दी। भाजपा का अनुषांगिक संगठन ईडी केजरीवाल का स्वास्थ्य बिगाड़ना और उनका घर का खाना रोकना चाहता है। श्चष्ठ का ये कहना कि केजरीवाल मीठी चाय पी रहे हैं, मिठाई खा रहे हैं, सरासर झूठ है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ओपन लेटर लिखा है। उन्होंने कहा है कि आपके मंत्रियों की अपनी गलती के लिए अधिकारियों को दोषी ठहराने की आदत हो गई है। उपराज्यपाल सक्सेना का ये लेटर दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी की दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को सस्पेंड करने की मांग पर सामने आया। दरअसल, सोमवार (15 अप्रैल) को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के फर्श बाजार इलाके सार्वजनिक नल से पानी भरने के विवाद में नाबालिग लड़की ने महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

# शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर ईडी की कार्यवाही

**नई दिल्ली,18 अप्रैल 2024 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय ने अभिनेता शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। ईडी ने सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया कि पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा से संबंधित 97.79 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया गया है।पोस्ट में जानकारी दी गई कि जब्त की गई संपत्ति में जुहू में स्तिथ




एक बंगला शामिल है, जो शिल्पा शेट्टी के नाम पर है। साथ ही पुणे में मौजूद एक बंगला भी शामिल है। इसके अलावा राज कुंद्रा के नाम पर कुछ शेयर भी ईडी ने जब्त किए हैं। राज कुंद्रा को 19 जुलाई, 2021 को 11 अन्य लोगों के साथ कथित रूप से अश्लील फिल्में बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कुंद्रा को 20 सितंबर को मुंबई की एक अदालत ने एडल्ट फिल्म मामले में 50,000 रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी थी।

# मतदाताओं की बढ़ी संख्या बताता है वर्तमान व्यवस्था में लोगों का भरोसा

- » ईवीएम-वीवीपैट पर एससी ने सुरक्षित रखा फैसला
- » चुनाव आयोग ने ईवीएम और वीवीपैट व्यवस्था को बताया फूलप्रूफ
- » चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताई पूरी प्रक्रिया
- » सुप्रीम कोर्ट में वीवीपैट का ईवीएम से 100 फीसद मिलान मामले की सुनवाई पूरी

**नई दिल्ली,18 अप्रैल 2024 (ए)।** ईवीएम में हेरफेर की आशंकाएं जताते हुए वीवीपैट का ईवीएम से 100 प्रतिशत मिलान करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को याचिकाकर्ता से कहा कि हमारा सिस्टम अच्छे से काम कर रहा है। हमारे मतदाताओं की संख्या भी बढ़ी है और यह लोगों के विश्वास को दर्शाता है। वीवीपैट पर्ची मतदाताओं को दिये जाने की दलील पर कोर्ट ने कहा कि क्या इससे मतदान की गोपनीयता नहीं प्रभावित होगी। कोर्ट ने विदेशों के उदाहरण पर कहा कि यह मत सोचिये कि विदेशी देश भारत से ज्यादा उन्नत हैं। उधर दूसरी ओर चुनाव आयोग ने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के



रखरखाव से लेकर मतदान और मतगणना तक की प्रक्रिया का विस्तार से ब्योरा देते हुए कहा कि सिस्टम फूलप्रूफ है इसमें कोई हेरफेर नहीं हो सकती।

### कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं द्वारा ईवीएम और वीवीपैट पर बार बार संदेह जताए जाने पर टिप्पणी करते हुए का कि हर चीज पर संदेह नहीं जताया जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने कुछ अच्छा किया है उसकी सराहना भी की जानी चाहिए। हर बार आलोचना नहीं करनी चाहिए।

कोर्ट ने एडीआर संस्था की ओर से बहस कर रहे वकील प्रशांत भूषण से कहा कि आपने जो मुद्दे उठाए हैं उनका चुनाव आयोग की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया है। मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण से संतुष्ट होना होगा।

### सालिसिटर जनरल मेहता ने क्या दी दलील ?

सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनाव के ठीक पहले इस तरह की याचिकाएं लाए जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इससे मतदाताओं के मन में शंका पैदा होती है। इसका असर मतदान पर पड़ता है यह लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है, लेकिन कोर्ट ने उनके आरोप को नकारते हुए कहा कि प्रशांत भूषण की याचिका पहले की है। कोर्ट समय की कमी के कारण उसे नहीं सुन पाया था। हां कुछ याचिकाएं जरूर बाद में दाखिल हुई हैं, लेकिन मेहता इतने पर ही नहीं रुके उन्होंने यह भी कहा कि कल को कोई प्लांटेड आर्टिकल के लिए तैयार रहिए।जस्टिस खन्ना ने इस पर कहा कि लोगों को सोशल मीडिया पर अपनी राय पोस्ट करने की स्वतंत्रता है और वे ऐसा कर सकते हैं। ये टिप्पणियां न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने गैर सरकारी संगठन एडीआर और कुछ अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कीं।

## संपादकीय

### आरक्षण पर स्पष्टीकरण

केंद्रीय गृह मंत्री ने आस्त किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का समर्थन करती है।न तो आरक्षण समाप्त करेंगे, न किसी को करने देंगे। राजस्थान में अलवर जिले के गांव हरसोली में गुरूवार को एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस बारे में झूठी बातें फैला कर लोगों को गुमराह कर रही है।अलवर लोक सभा क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में आयोजित सभा में अमित शाह ने कांग्रेस को पिछड़ा विरोधी पार्टी बताया। कहा कि यह बात इससे ही जाहिर हो जाती है कि कांग्रेस पार्टी ने सालों तक काका साहब कालेलकर रिपोर्ट को दबा कर रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। केंद्र के सारे दाखिलों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम भी भाजपा ने किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं ओबीसी समाज से आते हैं, और उनके 27 से ज्यादा मंत्री भी ओबीसी समाज से हैं। मात्र कुछेक दिनों के भीतर यह दूसरी दफा है, जब आरक्षण की बाबत सरकार की तरफ से आश्वस्ति देनी पड़ी है। कुछ ही रोज पहले प्रधानमंत्री ने कहा था कि आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा।आज बाबा साहेब भी आ जाएं तो आरक्षण को खत्म नहीं किया जा सकता। दरअसल, सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ इस प्रकार की धारणा बना दी गई है कि वह मौका मिलते ही आरक्षण को खत्म कर सकती है। वैसे भी भाजपा के पूर्व अवतार जनसंघ को कांग्रेस पार्टी ने सवर्ण तबकों और व्यापारियों की पार्टी के रूप में प्रचारित कर दिया था। इस टैग से छुटकारा पाने के लिए उसे काफी मशक्कत करनी पड़ी।आज भी दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में गाहे बगाहे उसे सवर्ण जातियों के हितों की सरपरस्त पार्टी बता दिया जाता है। भले ही यह दुष्प्रचार कहा जाए लेकिन इस मामले में भाजपा को रक्षात्मक होकर सफाई देनी पड़ती रही है, और यही विरोधी पार्टियों की सफलता होती है कि वे सत्तारूढ़ पार्टी और उसके घटक दलों को रक्षात्मक मोड में लाकर सफाई देने के लिए विवश कर दें। जिस प्रकार पहले प्रधानमंत्री और अब गृह मंत्री ने आरक्षण को लेकर स्पष्टीकरण दिए हैं, उनसे लगता है कि उन्हें इस नरेटिव से हो सकने वाले राजनीतिक नुकसान का अच्छे से भान है।

# बीजेपी के सिंघम को तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा बदलाव लाने से कोई नहीं रोक सकता

**जहां तक भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी कुप्पुस्वामी अन्नामलाई की बात है...तो वह जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं...उसको देखते हुए लगता नहीं कि उन्हें राजनेता बने हुए चार साल ही हुए हैं...वह जिस कोयम्बटूर क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं वहां उनकी दीवानगी देखते ही बन रही है...**

तमिलनाडु उन राज्यों में शुमार है जहां लोकसभा चुनावों के पहले चरण के दौरान सभी सीटों पर मतदान कराया जायेगा। मतदाता लोकसभा चुनावों में इस बात का फैसला करेंगे कि दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी या प्रधानमंत्री कौन बनेगा। लेकिन इसके साथ ही राज्य का मतदाता इस बात का भी फैसला करने जा रहा है कि तमिलनाडु का राजनीतिक भविष्य कैसा होगा। प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा जब तमिलनाडु पहुँची तो हमने शहरी और ग्रामीण मतदाताओं के मन को टटोला। राजनीतिक दलों के बारे में पूछे जाने पर तो मतदाताओं की राय अलग-अलग रही लेकिन जब तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई के बारे में हमने प्रश्न पूछा तो सभी के चेहरे की खुशी देखते ही बनती थी। ऐसा लग रहा था कि तमिलनाडु की जनता अन्नामलाई को अपना भविष्य का नेता मान चुकी है। अन्नामलाई की सहजता, सुलभता और सहृदयता के सभी कायल दिखे। जिस तरह अन्नामलाई आम आदमी के हितों से संबंधित मुद्दे उठा रहे हैं उससे सिर्फ गरीब व्यक्ति ही नहीं बल्कि अमीर व्यक्ति भी प्रभावित दिखे। यहां हमें एक बात और महसूस हुई कि जिस तरह देशभर में भाजपा मतलब मोदी है उसी तरह तमिलनाडु में भाजपा मतलब अन्नामलाई दिखा। अन्नामलाई ने राज्य भर की अपनी यात्रा के दौरान प्रदेश के कोने-कोने में अपनी पार्टी की जड़ें मजबूत की हैं। संभव है इसका पूरा परिणाम इस लोकसभा चुनाव में नहीं दिखे लेकिन आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में भाजपा चमत्कार कर सकती है। तमिलनाडु की राजनीति द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच घूमती रही है लेकिन अब भाजपा यहां तेजी से आगे बढ़ रही है। लोगों से बातचीत में हमने पाया कि भाजपा तमिलनाडु में मुख्य विपक्ष का स्थान ले चुकी है। आंकड़ों के लिहाज से अन्नाद्रमुक भले मुख्य विपक्षी पार्टी हो लेकिन उसके अंदर भारी बवाल मचा हुआ है दूसरी ओर भाजपा पूरी एकजुटता के साथ आगे बढ़ रही है।

जहां तक भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी कुप्पुस्वामी अन्नामलाई की बात है तो वह जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं उसको देखते हुए लगता नहीं कि उन्हें राजनेता बने हुए चार साल ही हुए हैं। वह जिस कोयम्बटूर क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं वहां उनकी दीवानगी देखते ही बन रही है।

चुनाव प्रचार के दौरान अन्नामलाई जिस क्षेत्र में पहुँचते वहां पटाखे फोड़कर और ढोल की थाप के साथ उनका स्वागत किया जाता रहा। उनकी भगवा मिनी बस को देखने के लिए लोग घंटों तक खड़े रह कर इंतजार करते दिखे। सफ़ेद धोती-कुर्ता पहने और टेढ़ी-मेढ़ी दाढ़ी तथा बिखरे हुए बाल वाले अन्नामलाई जैसे ही अपनी मिनी बस की छत पर आते वैसे ही उनके प्रति लोगों की दीवानगी देखते ही बनती थी। अन्नामलाई अपने हर पड़ाव पर लोगों से बात करते और विकास के लिए मोदी और भाजपा को वोट देने की अपील करते। इस दौरान भीड़ का जोश देखते ही बनता था। अपने चुनावी भाषणों में अन्नामलाई राज्य में सत्तारुढ़ द्रमुक और इंडिया गठबंधन के दलों की वंशवादी राजनीति और भ्रष्टाचार पर खूब प्रहार करते रहे। अन्नामलाई अपने चुनाव प्रचार के दौरान गरीबों के घर भोजन भी करते रहे। अन्नामलाई आईपीएस अधिकारी पद पर कार्य करने के दौरान भी उतने ही मृदुभाषी थे जितने आज हैं। वह अपने वक्तृत्व कौशल और जुझारूपन के लिए सिंघम के नाम से भी जाने जाते हैं।



अन्नामलाई की उम्र मात्र 39 साल है और वह तमिलनाडु में अब तक के सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष हैं। भाजपा जिस तरह तमिलनाडु के युवाओं को आगे बढ़ा रही है उसके चलते खासतौर पर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का झुकाव भाजपा की ओर नजर आया। जब हमने लोगों से बात की तो उन्होंने कहा कि अन्नामलाई में बदलाव लाने की क्षमता है और उनका जुझारूपन तमिलनाडु की जनता को बड़े लाभ दिलवा सकता है। तमिलनाडु में पिछले दो चुनावों में भाजपा का अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन रहा। गठबंधन के तहत 2019 के लोकसभा चुनावों में तो भाजपा को कोई सीट नहीं मिली लेकिन तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में उसे जरूर चार सीटें मिल गयीं। इस बार भाजपा ने बड़ा दांव खेलते हुए अकेले लड़ने का फैसला किया और पार्टी कुछ छोटी पार्टियों के साथ तालमेल करके पूरी तरह अन्नामलाई के नेतृत्व में चुनाव में उतरी है। अन्नामलाई को जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के आला नेताओं का आशीर्वाद हासिल है उसको देखते हुए राज्य में पार्टी के सभी नेता भी अन्नामलाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं।

तमिलनाडु में भाजपा ने अन्नाद्रमुक के दूसरे गुट के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम को अपने साथ रखा है। भाजपा समझ रही है कि जयललिता के बाद अन्नाद्रमुक का आधार खत्म हो रहा है। हालांकि जनता के बीच जयललिता के प्रति अब भी स्नेह है। इसलिए भाजपा ने पनीरसेल्वम को अपने साथ रखा हुआ है ताकि जयललिता से जुड़े रहे मतदाता भगवा दल के साथ जुड़ जायें। यदि भाजपा अन्नाद्रमुक के वोटबैंक को हथियाने में कामयाब रहती है तो तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा बदलाव आ सकता है। भाजपा त्रिपुरा में वामपंथियों का गढ़ उखाड़ कर, बंगाल में तेजी से अपना आधार बढ़ा कर और गुजरात में तीन दशकों से अपना गढ़ बचाये रखने जैसे कई करिश्मे करके दिखा चुकी है इसलिए उसके इस दावे पर संदेह नहीं किया जा सकता कि तमिलनाडु में आने वाले दिनों में उसका राज होगा।

जहां तक अन्नामलाई के परिचय की बात है तो आपको बता दें कि वह कोयंबटूर से लगभग 130 किमी दूर करूर जिले के एक किसान परिवार से आते हैं। वह राज्य के प्रभावशाली गौंडर समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। आईआईएम लखनऊ से एमबीए करने से पहले अन्नामलाई ने कोयंबटूर के एक प्रसिद्ध कॉलेज से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी। उन्होंने कर्नाटक में एक पुलिस अधिकारी के रूप में आठ साल (2011-19) तक सेवा की। आईपीएस और पुलिस बल छोड़ने के बाद, उन्होंने एक एनजीओ की स्थापना की, जिसने पर्यावरण परिवर्तन पर काम किया।

अन्नामलाई को पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी पलानीस्वामी (ईपीएस) के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक नेतृत्व के लिए भी खतरा माना जाता है। हम आपको बता दें कि पलानीस्वामी भी संयोग से गौंडर जाति से हैं। पिछले साल, अन्नामलाई ने एन मन, एन मक्कल (मेरी भूमि, मेरे लोग) नाम से एक कठिन राज्यव्यापी यात्रा शुरू की थी, जिसने सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया और काफी लोकप्रियता हासिल की। अभी हाल ही में चुनाव अभियान के दौरान, उन्होंने एक आरटीआई दस्तावेज़ के जरिये भारत और श्रीलंका के बीच स्थित द्वीप कच्चातिवू का मुद्दा उठाकर द्रमुक और कांग्रेस को घेर लिया था। आरोप यह थे कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1974 में इसे श्रीलंका को उपहार में दिया था। आरोप था कि राज्य के हितों के लिए इस हानिकारक निर्णय को तत्कालीन द्रमुक सरकार के दौरान लिया गया था।

हमने तमिलनाडु में भाजपा की रणनीति को करीब से समझा और महसूस किया कि पार्टी की रणनीति अपने मौजूदा चार प्रतिशत वोट को दोहरे अंक तक ले जाने और फिर 20 से 25 प्रतिशत तक पहुँचाने की है। अन्नामलाई जानते हैं कि यह कठिन चुनौती है लेकिन वह इस चुनौती को ही चुनौती देते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यदि वह सफल हुए तो सबसे पहले अन्नाद्रमुक की जगह ले लेंगे और फिर उन्हें द्रमुक से सत्ता छीनने से भी कोई नहीं रोक पायेगा। देखा जाये तो अन्नामलाई के रूप में भाजपा को तमिलनाडु में ऐसा नेता मिल गया है जिसकी राज्य भर में स्वीकार्यता है और वह प्रतिबद्धता के साथ अपनी पार्टी को आगे बढ़ाने की क्षमता भी रखता है। अन्नामलाई कहते हैं कि वह अब भी सीख रहे हैं। पुलिस अधिकारी और राजनेता के बीच के अंतर पर उनका कहना है कि पुलिस अधिकारी को कानून के हिसाब से काम करना होता है जबकि राजनीति में सभी को साथ लेकर चलना होता है।

बहरहाल, बताया जा रहा है कि अन्नामलाई हालांकि लोकसभा चुनाव लड़ने की बजाय अपनी पूरी ताकत राज्य भर में पार्टी के प्रचार के लिए लगाना चाहते थे लेकिन पार्टी आलाकमान का निर्णय उन्होंने स्वीकार किया। कोयम्बटूर में वह आगे दिख रहे हैं लेकिन उनके खिलाफ प्रतिद्वंद्वी भी कमजोर नहीं हैं। हम आपको बता दें कि इस सीट पर अन्नाद्रमुक ने युवा सिंगाई रामचंद्रन को मैदान में उतारा है, जिनके पास इंजीनियरिंग की डिग्री और आईआईएम पृष्ठभूमि भी है। द्रमुक ने कोयंबटूर के पूर्व मेयर गणपति राजकुमार को मैदान में उतारा है, जो पहले अन्नाद्रमुक में थे। ये तीनों गौंडर समुदाय से हैं और मुकाबला कांटे का होने की उम्मीद है।

**-नीरज कुमार दुबे-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## औचित्य ?



**तुषार शर्मा नादान**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

हास्य और विनोद आपस में बहुत गहरे मित्र थे। दोनों एक दूसरे की भावनाओं को अच्छे से समझते थे। जहॉं भी जाना होता तो साथ ही जाते। जब कभी हास्य घूमने निकलता तो विनोद स्वयं बाहर आकर साथ हो लेता और जब भी विनोद, हास्य को पुकारता तो हास्य तुरंत चला आता। वे साथ में कभी रंगमंच नाटिका देखते तो कभी सिनेमा या कभी रामलीला का मंचन देखने चले जाते। इसमें दोनों को बड़ा आनंद मिलता था। तभी एक दिन हास्य ने विनोद से कहा कि चलो इस बार किसी कवि सम्मेलन का कार्यक्रम देखने चलते हैं; विनोद ने भी हामी भर दी। दोनों समीप के शहर में हो रहे कवि सम्मेलन के कार्यक्रम में पहुंचे। कभी वीर रस की कविता सुनकर उनकी बॉंहें फड़क उठतीं तो कभी करुण रस से ऑंखें भर आतीं; तभी अगली प्रस्तुति के लिए एक कवयित्री का नाम पुकारा गया। वह मुस्कुराते हुए उठी और पूरे साज श्रृंगार के साथ माइक के सामने जा खड़ी हुई और अपने तीखे नैन नक्श से श्रोताओं की ओर देखते हुए अभिवादन पश्चात् रस छंद अलंकार से रहित तथाकथित प्रेमालाप से भरी रचना सुनाते हुए बीच बीच में शेरो शायरी करती। उधर संचालक महोदय भी एक माइक पकड़े द्विअर्थी संवादों के माध्यम से कथित कवयित्री को उपमाऍं परोसते हुए मर्यादा की सीमाऍं लांघ रहे थे और वह महिला भी उसके अनर्गल प्रलाप का उसी की विधा में फब्तियों के माध्यम से भाव भंगिमाऍं बनाते हुए जवाब देती जाती। सामने बैठे श्रोतागण भी इन हरकतों पर खुश होकर उस महिला के बेबाक हुनर की तारीफ कर तालियॉं बजा मजे ले रहे थे। यह सब देखकर हास्य और विनोद दोनों काफी विचलित हुए जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि उसी मंच पर बैठी हुई गरिमा भी ऐसे क्रियाकलाप को देखकर असहज हो रही थी, शायद वो ये सोच रही थी कि मुझे ऐसे मंच से चले जाना चाहिए। यह सब देखने के बाद हास्य और विनोद कार्यक्रम अधूरा छोड़कर वापस चले आए और रास्ते भर दोनों मित्र मन ही मन अपने नाम की परिभाषा और औचित्य ढूँढते एक दूसरे से नज़रें नहीं मिला पा रहे थे।

# नौनिहालों की प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता ही देश का उज्जवल भविष्य



**संजीव ठाकुर**
चौबे कॉलोनी
रायपुर छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है। राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है। स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था । जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे।

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है। इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है। वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है। आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं। यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।



किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है । देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है।

वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन,उत्कृष्ट नवाचार,लोक तांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## भारत की आस्था हैं राम



संजय गोस्वामी,
अनुशक्तिनगर,
मुंबई

राम भारत की आस्था हैं
राम भारत का आधार है
राम भारत का प्राण है
राम भारत का विचार है
राम भारत का विधान है
राम भारत की चेतना है
राम भारत का चिन्तन है
राम भारत की प्रतिष्ठा है
राम भारत का प्रताप है
राम एक सत्य का प्रवाह है
राम कृपा और सत्य का प्रभाव है
राम एक अच्छा नेति भी है
राम राष्ट्र की नीति भी है
राम एक नित्यता भी है
राम एक निरन्तर भी है
राम गतिमान है
राम संसार का पालन हार है
राम विभु है, राम विषाद है.
राम जन जन का न्यारी है
राम अपने पिता का
सबसे बड़ा आज्ञाकारी है
राम जन-जन का
बैकुंठधाम का सबारी है
ब्रह्माण्ड राम की हीं कलाकारी है
राम व्यापक है, विश्व है, विश्वात्मा है
राम का नाम लेकर प्राण निकलें
ताकि गरीबों दर्द पिघले
और चित्त का विकार मिटे
अंतिम समय बस यही करना.
आपके प्रेम में अश्रु का धार निकलें
जब दुनिया क़ो कह अलविदा
आपके चरणों क़ो पकड़ चल दियें
जहाँ तू लें जाए वहाँ चल दें
अपने इस नश्वर शरीर मिटे
जिसे तू पंच तत्व में विलीन कर दें

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## लघुकथा

## अदला-बदली

सरिता जब भी श्रेया को देखती, उसके ईर्ष्या भरे मन में सवाल उठता, एक इसका नसीब है और एक उसका। क्या उसका नसीब उसे



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

नहीं मिल सकता?



सरिता के छोटे से फ्लैट की बालकनी से श्रेया का भव्य बंगला बहुत सुंदर दिखाई देता था। वह जब भी पति के साथ मोटरसाइकिल से निकलती, श्रेया के बंगले की पार्किंग एरिया में खड़ी बीएमडब्ल्यू पर नजर उसकी नजरें चिपक जातीं। अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए श्रेया खुले हाथों से पैसे खर्च करती थी। ट्रिम किए बाल, नियमित फेशियल, पेडिक्योर, मेनिक्योर, सब कुछ संपूर्ण। सिर से ले कर पैरों तक सब कुछ व्यवस्थित और सुंदर। जबकि सरिता के मर्यादित बजट में यह सब कहां से हो पाता। उसके बिखरे बाल, उसमें बीच-बीच में सफेद बाल। वह मेहंदी तो लगाती थी, पर कभी समय न मिलता तो काले बालों के बीच सफेद बाल झांकने में बिलकुल पीछे नहीं रहते थे। साग-सब्जी काटते-काटते हाथों की अंगुलियो की चमड़ी खुरदुरी हो गई थी। खुद बर्तन मांजने से नाखूनों का रंग और आकार अजीब हो गया था। अगर श्रेया के यहां की तरह उसके यहां भी नौकरों की फौज होती तो उसका भी सिर से ले कर पैरों तक अलग ही नक्शा होता। पर उसके भाग्य में तो कुछ और ही था।

कहां श्रेया के डिजाइनर कपड़े और कहां उसके साधारण कपड़े, इस्त्री किए कपड़े पहनने का आनंद ही कुछ और होता है, घंटो इस्त्री पकड़ने वाले सरिता के हाथ उससे कहते। रविवार को किसी ठेलिया पर चाट-पकौड़ी या समोसे-कचौड़ी खा कर लौटते हुए सरिता यही सोचते हुए अपार्टमेंट की सीढ़ियां चढ़ रही होती कि बीएमडब्ल्यू में फाइवस्टार होटल की लज्जत ही कुछ और होती है।

श्रेया का शरीर हमेशा सोने और हीरों के गहनों से सजा होता था। समय समय पर वे बदलते रहते थे। जैसे कपड़े, वैसे आभूषण। जबकि सरिता को विवाह के समय जो मंगलसूत्र मिला था, वही एक महत्वपूर्ण गहना था। सोना खरीदने की औकात नहीं थी, इसलिए चांदी पर सोना चढ़वा कर दिल को संतोष मिल जाता था।

पर श्रेया को देख कर सरिता के दिल का संतोष लुप्त हो जाता और मन ईश्वर से एक ही सवाल पूछता, श्रेया का भाग्य उसे नहीं मिल सकता क्या?

और अगर मिल जाए तो... तमाम मेघधनुषी सपने आंखों में तैरने लगते। शाम को जब पड़ोस में रहने वाली हिमांशी ने बताया कि सामने वाले बंगले में रहने वाली श्रेया को ब्लड कैंसर है और लास्ट स्टेज में है। तब से सरिता भगवान से यही प्रार्थना कर रही है कि उसके भाग्य में जो है, वही ठीक है। प्लीज अदला-बदली मत कीजिएगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मौन



**मोनिका डागा आनंद ,**
चेन्नई,तमिलनाडु

सुख के आनंद पल हो या,
दु:ख के क्षणों से घिरा मेरा जीवन,
बह रहे हो आंसू खुशी के या,
गम के मोती झरते जब नयन ।
जब भी होती है बात खुद से,
जिक्र तेरा ज़रूर होता है,
तुझसे ही मेरी जिंदगी रोशन,
सांसों में तेरा स्पंदन महसूस होता है ।
जुड़ा था मैं तुझसे न जाने कब से,
पुनः मिलने का यह भाव रहता है,
धन्यवाद करूं मैं कितना भी कम है तेरा,
तू मेरे अपराधों को क्षमा करता है ।
कभी शब्दों के साथ, कभी बिना कहें,
मैं हर पल तुझे याद करता हूं,
तुझसे ही है मेरी पहचान,
कोशिश करता हूं पग-पग तेरी ओर बढ़ता हूं ।
प्रतिदिन अकेले ही अपने भीतर कुछ पल,
तुझे ढूंढने की कोशिश करता हूं,
मौन हो, मौन की साधना करता हूं,
तेरी आवाज को सुनकर विश्वास से आगे बढ़ता हूं ।
चाह है बस यही जीवन की पा जाऊं तुझे, जितने दिन
की बची अब श्वास है,
हे परमेश्वर! तु मिलेगा एक दिन मुझे ज़रूर, यह तेरा
हि दिया हुआ विश्वास है ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## बीते लम्हात लौट कर कहां आते हैं वापस



**डॉ.मुश्ताक़ अहमद शाह**
सहज़,हरदा
मध्यप्रदेश

खुद से खुद को तोड़ता रहता हूं आजकल।
खुद में खुद को ढूंढता रहता हूं आजकल।
बीते लम्हात लौट कर कहां आते हैं वापस।
तेरी यादों की चादर ओढ़ते रहता हूं आजकल।
मुस्कुराहटों का मुहब्बतें का बाजार हुआ बंद।
हर शख्स की नब्ज़
टटोलता रहता हूं आजकल।
वह क्या हसीन पल थे जो तेरे साथ में गुज़रे।
तस्वीर तेरी अब भी लिए फिरता हूं आजकल।
होश मुझको कहां है जब से तुझको देखा मैंने।
तेरी गली में अब घूमता रहता हूं आजकल।
भाई का घर पड़ोस में कभी लेता नहीं ख़बर।
फ़ेसबुक से ही प्यार अपना
लुटाता है आजकल।
बच्चों के हाथों में अब
मोबाइल ही आता है नज़र।
कहानी दादी,नानी से कौन सुनता है आजकल।
किसी से कुछ भी
उम्मीद मैं नहीं रखता मुश्ताक़।
तन्हा हूं तनहाई में ही बसर करता हूं आजकल।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## यह जिंदगी खुशियों का नाम है



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण छत्तीसगढ़

यह जिंदगी, खुशियों का नाम है
और,खुशियों की, तलाश न कर
जो मिली है जिंदगी कुछ पल
इसे पा के मन को हताश न कर।
जी ले अपनी जिंदगी, खुलकर
और ज्यादा की, तू आस न कर
यहीं खिलेंगे, खुशियों के सुमन
दमकते चमन में विश्वास न कर।
सोंच को बदल, चिंतन को बदल
खुशियां भरी जिंदगी जाया न कर
यह जिंदगी भी जीने की कला है
इसे गमों में कभी भुलाया न कर।
खुशियाँ हमारे तो,आस-पास है
दूसरों पर ज्यादा विश्वास न कर
खुद का खुदा भी तो तेरे साथ है
इसको तू नजर अंदाज न कर।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# मेडिकल स्टोर में नारकोटिक दवाई की अवैध रूप से की जा रही थी बिक्री

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मेडिकल स्टोर का लाइसेंस किया निरस्त



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
मेडिकल स्टोर के आड़ में नारकोटिक दवाइ की अवैध बिक्री की जा रही थी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं सरगुजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई है। टीम ने मेडिकल दुकान को औषधि अनुज्ञप्ति लाइसेंस को निरस्त कर दिया है।

शहर के प्रतापपुर नाका के पास संचालित मिश्रा मडिकल स्टोर से नारकोटिक दवाई की अवैध रूप से बिक्री की जानकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन को मिल रही थी। 15 मार्च 24 कों सरगुजा पुलिस एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला सरगुजा की संयुक्त टीम द्वारा मिश्रा मेडिकल स्टोर प्रतापपुर नाका का औचक निरीक्षण किया गया था, निरीक्षण टीम द्वारा मामले में पूर्व में मुखबीर तैयार कर मिश्रा मेडिकल स्टोर प्रतापपुर नाका नारकोटिक दवा खरीदी हेतु भेजा गया था। मेडिकल दुकान संचालक द्वारा बिना किसी वैध चिकित्सक के पर्ची के बिना एवं वैध फरमासिस्ट के उपस्थिति के बिना उक्त मुखबीर को नारकोटिक दवा दिया गया। बाद निरीक्षण टीम द्वारा उक्त मेडिकल स्टोर में जाकर मुखबिर द्वारा दिए गए नोट को उक्त मेडिकल स्टोर में होना पाया गया। जिस पर से मिश्रा मेडिकल स्टोर के संचालक का पक्ष लिया गया, परन्तु संचालक द्वारा दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर एवं मौक़े पर पाए गए साक्ष्यों एवं नारकोटिक दवा के सम्बन्ध में कोई रजिस्टर संधारित होना नहीं पाया गया था। नारकोटिक दवा लाने एवं बेचने के सम्बन्ध में भी मेडिकल दुकान संचालक द्वारा कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जाने पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय जिला सरगुजा द्वारा मिश्रा मेडिकल स्टोर में नियमों के उल्लंघन होना पाए जाने पर एवं घोर अनियमितता पाये जाने पर मिश्रा मेडिकल दुकान प्रतापपुर नाका को जारी औषधि अनुज्ञप्ति, लाइसेंस कों निरस्त किया गया है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अंबिकापुर में,भाजपा प्रत्याशी के नामांकन रैली में होंगे शामिल



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज 19 अप्रैल को अंबिकापुर में भाजपा प्रत्याशी की नामांकन रैली में शामिल होंगे यह जानकारी देते हुए संयुक्त रूप से भाजपा सरगुजा लोकसभा संयोजक कमलभान सिंह व सह संयोजक अखिलेश सोनी ने बताया कि भाजपा सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज की 19 अप्रैल को अंबिकापुर में होने वाली नामांकन रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित केबिनेट मंत्री, विधायकगण व भाजपा नेतागण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन रैली में मुख्यमंत्री जी के साथ कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लोकसभा क्लस्टर प्रभारी बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, सह क्लस्टर प्रभारी रामसेवक पैकरा, संभागीय संगठन प्रभारी राजा पांडे, लोकसभा चुनाव प्रभारी लखन लाल साहू, सह प्रभारी चम्पा देवी पावले, जिला सरगुजा प्रभारी ज्योति नंद दुबे, लुड्रॉ विधायक प्रबोध मिंज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, सूरजपुर विधायक भुलन सिंह मरावी, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते, भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, सूरजपुर जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल तथा बलरामपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी, नेता व हजारों की संख्या में कार्यकर्तागण शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि नामांकन रैली सुबह 10.30 बजे स्थानीय अग्रसेन भवन के पास से निकलकर अग्रसेन चौक, जय स्तंभ चौक, सदर रोड होते हुए महामाया चौक, संगम चौक, देवी गंज रोड होते हुए, घड़ी चौक फिर कला केंद्र मैदान पहुंचेगी जहाँ विजय संकल्प जनसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित अन्य नेताओं के उद्बोधन पश्चात समाप्त होगी। इस दौरान भाजपा सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज अपना तीसरा नामांकन दाखिल करेंगे।

# महामाया मंदिर से मंगलसूत्र चोरी करने वालीं तीन महिला गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
चैत्र नवरात्र के अष्टमी तिथि पर एक महिला अपने पति के साथ महामाया मंदिर दर्शन करने गई थी। यहां प्रसाद वितरण के दौरान भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र निकाल लिया गया था। महिला ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन महिला को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने तीनों महिलाओं के कब्जे से चोरी की मंगलसूत्र भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार प्रिया सोनी उम्र 36 वर्ष चांदनी चौक की रहने वाली है। वह 16 अप्रैल को अपने पति के साथ मां महामाया मंदिर दर्शन करने गई थी। दर्शन करने के बाद प्रसाद वितरण दिर्घा में खड़ी थी। यहां काफी भीड़ था। भीड़ का फायदा उठाकर उसके गले से अज्ञात द्वारा सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया था। प्रिया मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने तीन संदेही महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तीनों महिलाओं ने चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी कुमती उम्र 40 वर्ष, प्रभा उम्र 40 वर्ष, संजू उम्र 50 वर्ष निवासी तरुह थाना अकलतरा जिला जांजगीरको गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की मंगलसूत्र भी बरामद किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# 10 दिवसीय समर कैंप में बच्चे सीख रहे अलग-अलग कौशल

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
शासकीय प्राथमिक शाला गांधीनगर में बच्चों को विद्यालय से जोड़ कर रखने के उद्देश्य से 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। बच्चे समर कैंप में अलग-अलग कौशल सीख रहे हैं। 15 से प्रारंभ इस समर कैंप में परीक्षा के उपरांत बच्चों को व्यस्त रखने के उद्देश्य से उनमे अलग-अलग कौशलों का विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चे भाषा,गणित के खेल के अलावा नए-नए गतिविधियां सीख रहे हैं। जिसमे पौधे लगाना, देखभाल करना तथा बीज के अंकुरण को भली भांति प्रायोगिक रूप से देख कर समझ पा रहे हैं। तरह तरह के मुखौटे बनाना अभिनय करना, चित्रकारी करना, रंग भरना और तरह-तरह के शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण करना, निमंत्रण कार्ड बनाना इत्यादि सीख रहे हैं। समर कैंप के दौरान बच्चों को पोस्टकार्ड पर चिट्ठी लिखना और उसे पोस्ट करना सिखाया गया।बच्चों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी, विकासखंड सहायक शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक के नाम पोस्टकार्ड पर चिट्ठी लिखकर टिकट चिपकाकर पोस्ट करना सीखा। चिट्ठी के माध्यम से बच्चो ने अधिकारियो को समर कैंप के आयोजन हेतु धन्यवाद व्यक्त किया साथ ही साथ अपने विद्यालय के कैंप मे शामिल होने के लिये आमंत्रित भी किया।समर कैंप में इस तरह बच्चे रोज नई-नई गतिविधियां सीख रहे हैं। प्रधान पाठक रेखा रॉय ने बताया कि आगे बच्चो को पाक कला, मिट्टी कला, मेहँदी, रंगोली इत्यादि भी सिखाया जायेगा। कैंप मे सभी स्टॉफ, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से आरती मैडम का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।समर कैंप के प्रथम दिन संकुल के अन्य विद्यालय के शिक्षक भी समर कैंप प्रशिक्षण लेने उपस्तिथ हुए, जिसमे फूंडूरडीहारी से सुनीता गुप्ता, अमिता टोप्पो, नावापारा से शशिकला तिर्की, नमना कला से ममता गुप्ता, डिंपल पैकरा, माध्यमिक शाला फूंडूरडीहारी से व्यास नारायण केसरिया, आशीष दुबे, सुगंती कुजूर, संगीता सिंह शामिल थे। संकुल समन्यक निरंजन विश्वास के मार्गदर्शन मे प्रशिक्षण और समर कैंप का शुभारभ किया गया। समर कैंप मे समुदाय से भी दो बच्चियों का सहयोग मिल रहा है, जो वोलेनटियर के रूप मे सहयोग कर रही है। बच्चे और पालक इस आयोजन से बहुत खुश नजर आरहे है।



# यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले से किया गया समन शुल्क वसूल



## वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन से बात करने के मामले मे 31 प्रकरण दर्ज कर 9300/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

» **दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चालन करने के मामले मे 08 प्रकरण दर्ज कर 4000/- रुपये समन सशुल्क किया गया वसूल**

» **असवैधानिक पार्किंग के मामलो मे पुलिस टीम द्वारा कुल 03 प्रकरण मे कुल 1100/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल**

» **अन्य यातयात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों से कुल 03 प्रकरण दर्ज कर 8600/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल**

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे कल दिनांक कों यातायात पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर दोपहिया वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन मे बात करने वाले वाहन चालकों, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर एवं असवैधानिक पार्किंग के मामलो मे सखूती से कार्यवाही करते हुए कुल 50 प्रकरण दर्ज कर 27000/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

कार्यवाही के दौरान दोपहिया वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन से बात करने वाले वाहन चालकों से पुलिस टीम द्वारा कुल 31 प्रकरण मे कुल 9300/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं,दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चालन करने के मामले मे 08 प्रकरण दर्ज कर 4000/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, असवैधानिक पार्किंग के मामलो मे पुलिस टीम द्वारा कुल 03 प्रकरण मे कुल 1100/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, साथ ही अन्य यातयात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों से कुल 03 प्रकरण दर्ज कर 8600/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही जा रही हैं, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती हैं कि आमनागरिक यातायात के नियमो का पालन करें, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

# अंग्रेजी शराब के साथ भोजनालय संचालक गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
अंग्रेजी शराब के साथ गांधीनगर पुलिस ने भोजनालय संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की मनेन्द्रगढ़ रोड में संचालित पप्पू भोजनालय में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने भोजनालय में छापेमारी कर एसी ब्लैक व्हीस्की 180 एमएल कुल 6 नग, जम्मू व्हीस्की 180 एमएल 1 नग, सिम्बा बियर 500 एमएल 1 नग की कुल 1 लीटर 760 मिलिलीटर शराब जब्त किया है। पुलिस ने भोजनालय संचालक सतपाल खन्ना को गिरफ्तार धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्वाई की है।

# पंजाब राज्य की 78 पाव व्हिस्की के साथ आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
आबकारी विभाग के उडऩदस्ता टीम ने मणिपुर थाना क्षेत्र निवासी एक तस्कर के घर से 78 पाव पंजाब राज्य की व्हिस्की जब्त किया है। आरोपी काफी दिनों से अपने घर से अंग्रेजी शराब का अवैध कारोबार कर रहा था। आबकारी संभागीय उडऩ दस्ता टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 18 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना मणिपुर के ग्राम झुमरपारा निवासी विनोद राजवाड़े अपने घर में भारी मात्रा में पंजाब का अंग्रेजी शराब रखकर बेच रहा है। सूचना पर उडऩदस्ता की टीम विनोद राजवाड़े के घर छापेमारी कर काले रंग के बैग में पंजाब राज्य की 78 पाव पार्टी स्पेशल व्हिस्की जब्त किया गया है। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2)36 एवं 59 (क) के तहत कार्वाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# संयुक्त टीम द्वारा रोका गया बाल विवाह

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन को जिले के क्षेत्रों में बाल विवाह राकने हेतु उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए हैं। 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया है, इस दिवस को बड़ी संख्या में विवाह सम्पन्न होते हैं। अतएव अन्य दिवसों के साथ-साथ विशेष रूप से अक्षय तृतीया को निगरानी रखने की आवश्यकता है की जिले में कही भी बाल विवाह न हो इसके लिए जिला प्रशासन सतर्क भी है। इसी कड़ी में सूचना प्राप्त हुई की विकासखण्ड बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम पिपराही में बाल विवाह हो रही है। सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम पिपराही पहुंचकर बालक के माता-पिता एवं सगे संबंधियों को समझाईश देकर बाल विवाह होने से रोका गया। साथ ही वहां उपस्थित लोगों को बताया गया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु-मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है। विवाह हेतु लड़के की उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर ऐसी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करता है तो उसे दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपये तक हो सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि लड़के का उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करें। यदि किसी व्यक्ति को बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है तो जिला बाल संरक्षण अधिकारी मोबाइल नम्बर 9826278915 या टोल फ्री नम्बर 1098 पर कॉल करके एवं अपने ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, शिक्षक, कोटवार, तहसीलदार, थाना प्रभारी, पर्यवेक्षक एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता को अविलंब सूचित करें। आपकी जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।



# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत

## भारत की स्थाई सदस्यता के लिए मस्क के समर्थन पर अमेरिका

**वॉशिंगटन,18 अप्रैल 2024।** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत सभी यूएन निकायों में सुधार का समर्थन किया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रधान उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल से बुधवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान यूएनएससी में भारत की स्थाई सीट को लेकर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बयान पर सवाल किया गया था।

इस दौरान उन्होंने जवाब दिया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस पर पहले भी बात की है। यूएन के सचिव ने भी इसके बारे में बताया है। हम निश्चित तौर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत यूएन निकायों में सुधार का समर्थन करते हैं। इसके लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? इसे लेकर मेरे पास ज्यादा जानकारी नहीं है। हमें लगता है कि इसमें सुधार की जरूरत है। दरअसल, मस्क ने जनवरी में यूएन में भारत को स्थाई सीट न मिलने को बेतुका बताया था।



### स्थाई सदस्यता न मिलने पर एलन मस्क ने की थी टिप्पणी

यूएन में भारत को स्थाई सीट न मिलने पर एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा था, कुछ पहलुओं पर सुधार की जरूरत है। समस्या यह है कि जिनके पास अधिक ताकत है, वह इसे छोड़ना नहीं चाहते हैं। भारत के पास यूएन में स्थाई सीट नहीं है। सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद परिषद में भारत को स्थाई सीट नहीं दी गई है। यह बेतुका है। अफ्रीका को भी एक स्थाई सीट दी जानी चाहिए।

### लंबे समय से हो रही मांग

भारत लंबे समय से ही विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की मांग कर रहा है। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 15 देशों से मिलकर बना है। उनमें से पांच स्थाई देशों के पास वीटो ताकत है, जबकि 10 अस्थाई देशों को दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। पांच स्थाई देशों में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल हैं।

### भारत ने भी स्थाई सदस्यता पर दिया जोर

भारत में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की तरफ से जारी घोषणा-पत्र (संकल्पपत्र) में पार्टी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सीट को लेकर भी बात की गई है। इससे पहले जनवरी में केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता पर जोर दिया था। उन्होंने इस पर कहा था कि कभी कभी चीजें उदारता से की जाती है और कभी इसे हर हाल में हासिल करना पड़ता है।

# सिडनी के चर्च में हमला करने वाले शख्स को बिशप ने किया माफ

## कहा...जिसने उसे भेजा,उसे भी क्षमा किया

**सिडनी,18 अप्रैल 2024।** ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में चर्च में चल रहे समारोह के दौरान चाकूबाजी की घटना सामने आई थी। हमले में बिशप भी घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। गुरुवार को बिशप ने बताया कि वह अब ठीक हो रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कहा कि हमलावर उनके बेटे जैसा है, इसलिए वह उसे माफ करना चाहते हैं। दरअसल, बीते सोमवार को बिशप मार्च मारी इमैनुएल पर एक 16 वर्षीय लड़के ने सिर और सीने पर चाकू से हमला किया था, जिसके बाद चर्च में अफरा-तफरी मच गई थी। इस घटना पर बिशप ने कहा कि मैं अभी ठीक हूं और बहुत जल्दी चर्च में वापसी करूंगा।

### हमले के बाद बिशप ने हमलावर को किया माफ

बता दें कि बिशप इमैनुएल के लगभग 200,000 फॉलोअर्स हैं। उनके फॉलोअर्स में इजाफा कोविड-19 टीकाकरण और लॉकडाउन के साथ-साथ इस्लाम की आलोचना से जुड़ी कई पोस्ट के बाद हुआ था। हमले के बाद उन्होंने एक वीडिया जारी किया। इस वीडियो के जरिए उन्होंने कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं है। जिसने भी ये काम किया, मैंने उसे माफ कर दिया है। मैं उससे कहना चाहता हूं, तुम मेरे बेटे हो और मैं तुमसे प्यार करता हूं। मैं हमेशा तुम्हारे लिए प्रार्थना करूंगा। जिसने भी तुम्हें इस काम के लिए भेजा था, मैं उसे भी माफ करूंगा।




### बिशप की लोगों से शांत रहने की अपील

हमले के बाद चर्च के बाहर आक्रोश देखने को मिला, जिसे देखते हुए बिशप ने लोगों से शांत रहने की अपील की। हमले की रात समुदाय के सैकड़ों सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे। कुछ लोगों ने पत्थरबाजी भी की, जिसमें पुलिसकर्मी भी घायल हुए और कई पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इस पर बिशप ने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप लोग शांत रहें।

# यूक्रेन में रूस ने तेज किए हमले,दागीं तीन मिसाइलें, 17 की मौत,राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कही यह बात



**कीव,18 अप्रैल 2024।** कीव और मॉस्को संघर्ष के बीच बुधवार को रूस ने यूक्रेन के चेर्निहीव में मिसाइल हमला किया। इस हमले में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 61 घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि मरने वालों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका है। इन मौतों के लिए उन्होंने यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को जिम्मेदार ठहराया है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बयान जारी करते हुए कहा, अगर यूक्रेन के पास पर्याप्त वायु सुरक्षा उपकरण होता तो ऐसे हमले नहीं होते। आतंकवादी, लोगों को तभी मारते हैं, जब कोई उन्हें रोकने में कामयाब होता है और उसका सामना करने के लिए तैयार रहता है।

### मरने वालों में ज्यादातर युवा

चेर्निहीव शहर के प्रमुख ओलेकसैंडर लोमाको ने कहा,मैंने स्वयं सड़क पर क्षतिग्रस्त कारों के भीतर खून से लथपथ लोगों के शवों को देखा। मैंने पीड़ितों की जन्मतिथि देखी, मरने वालों में कई युवा भी शामिल थे। उन्होंने आगे कहा कि बचावकर्मी अभी भी मलबे में पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। लोमाको ने कहा, इस हमले ने यह बता दिया कि यूक्रेन को वायु सुरक्षा उपकरणों की जरूरत है।

चेर्निहीव शहर रूस की सीमा पर स्थित है और अक्सर ही यहां के आसमान में मिसाइलों को देखा जाता है। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री ईहोर क्लाइमेंको ने कहा, रूसी गोलाबारी में मारे गए लोगों में एक 25 वर्षीय पुलिस लेफ्टिनेंट भी शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, पड़ोस के घर में एक महिला बीमार होने के कारण छुट्टी पर थी, वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

# अमेरिका में विरोध के बीच भारत के साथ व्यापार

## संबंध सुधरे,रक्षा मंत्री बोले:जेट इंजन सौदा क्रांतिकारी

**वॉशिंगटन,18 अप्रैल 2024।** अमेरिका में भारत के साथ व्यापार संबंधों पर लगातार यहां के सांसद आरोप लगा रहे है। कुछ सांसद भारत में गेहूं-चावल पर सब्सिडी का मुद्दा उठा रहे हैं। वहीं, यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि भारत से आयातित झींगा जबरन मजदूरी पर निर्भर करता है और अवैध एंटीबायोटिक दवाओं वाला होता है। हालांकि इस बीच, बाइडन प्रशासन के एक शीर्ष व्यापार अधिकारी ने बुधवार को बताया कि भारत ने 12 विभिन्न श्रेणियों में अमेरिकी कृषि उद्योग के लिए अपना बाजार खोला है।

### 21 अरब डॉलर से अधिक की पहुंच हासिल

अमेरिकी वित्त समिति द्वारा व्यापार पर बुलाई गई सदन की सुनवाई के दौरान सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन टाई ने बाइडन प्रशासन के कदमों का बचाव किया। उन्होंने कहा, हम कड़ी मेहनत करने वाले अमेरिकी परिवारों और समुदायों, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण समुदायों के लिए बाजार खोल रहे हैं। हमारे प्रशासन ने पिछले तीन साल में नए कृषि बाजार तक 21 अरब डॉलर से अधिक की पहुंच हासिल की है।

### देश भर के किसानों को लाभ होगा

टाई ने आगे कहा, उदाहरण के लिए अमेरिका और भारत द्वारा डब्ल्यूटीओ के सात विवाद समाप्त किए जाने के बाद भारत कई अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क हटाने पर सहमत हुआ था। इसका मतलब है कि छोले, दाल, बादाम, अखरोट और सेब की बेहतर पहुंच से मिशिगन, ओरेगन, कैलिफोर्निया और वाशिंगटन सहित हमारे देश भर के किसानों को लाभ होगा।



उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि टर्की, बतख, ब्लूबेरी और क्रैनबेरी के लिए अधिक बाजार पहुंच से उत्तरी कैरोलिना, पेंसिल्वेनिया, वर्जीनिया, मैसाचुसेट्स और मिनेसोटा के किसानों को फायदा होगा।

### भारत-अमेरिका जेट इंजन सौदा क्रांतिकारी:बोले रक्षा मंत्री

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बुधवार को सांसदों को बताया कि भारतीय वायु सेना के लिए संयुक्त रूप से लड़ाकू जेट इंजन बनाने का भारत-अमेरिका समझौता क्रांतिकारी है। उन्होंने भारत-अमेरिका समझौता के बारे में एलान करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक सौदे की घोषणा पिछले जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक आधिकारिक यात्रा के दौरान की गई थी।

जनरल इलेक्ट्रिक ने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ऑस्टिन ने सदन विनियोग उपसमिति को बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में भारत को जेट हथियार, भारत में जेट इंजन का उत्पादन करने में सक्षम बनाया है और यह एक तरह से क्रांतिकारी है। इससे भारत की क्षमता बढ़ेगी। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि हम भारत के साथ एक बख्तरबंद वाहन का सह-उत्पादन भी कर रहे हैं। इसलिए, पूरे समझौते को समग्रता में देखने पर हमें पता चलता है कि इस समझौते के कारण भारत और अमेरिका का रिश्ता कहीं अधिक और अच्छा होगा।

# भारत की आबादी 144 करोड़,24 से कम उम्र के 67% लोग

## सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से मातृ मृत्यु दर घटी

**नई दिल्ली,18 अप्रैल 2024।** भारत की आबादी 144 करोड़ पार होने का अनुमान है। इस आबादी में 67 फीसदी लोग 0 से 24 वर्ष के हैं। देश में महज 7 फीसदी आबादी 65 वर्ष या इससे अधिक उम्र की है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि (यूएनपीएफ) की तरफ से वार्षिक विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं, जिसकी वजह से मातृ मृत्यु दर में कमी आई है और जीवन प्रत्याशा बढ़ी है।

पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के आधार पर यूएनपीएफ ने बताया कि भारत की जनसंख्या 144.17 करोड़ हो चुकी है। भारत की आबादी में 24 फीसदी 0-14 वर्ष के लोग हैं। 17 फीसदी आबादी 10-19 वर्ष के अंदर है। 26 फीसदी 10-24 साल की उम्र के लोग हैं। 15-64 आयु वर्ग के 68 फीसदी लोग शामिल हैं।

### 65 साल के ऊपर सिर्फ 7% लोग

देश की आबादी में महज 7 फीसदी 65 साल या इससे अधिक उम्र के लोग हैं। देश में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेंटेसी) बढ़कर 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष हो गई है। 77 वर्ष बाद 2101 तक भारत की आबादी बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। रिपोर्ट में भारत में जनसंख्या बढ़ने के पीछे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व जीवन प्रत्याशा में वृद्धि है। रिपोर्ट में गर्भवती व प्रसूताओं को पौष्टिक आहार मुहैया कराने को लेकर चलाई जा रहीं योजनाओं की भी प्रशंसा की गई है। यह भी बताया गया है कि 2006-2023 तक भारत में बाल विवाह की दर 23 फीसदी रही, जो चिंताजनक है।




### मातृ मृत्यु दर में असमानता

रिपोर्ट के मुताबिक देश के 640 जिलों में सतत विकास लक्ष्यों के मुताबिक मातृ मृत्यु दर का अनुपात 1,00,000 पर 70 या इससे कम है लेकिन 114 जिले ऐसे हैं, जहां यह अनुपात 1 लाख पर 210 या इससे ज्यादा है। अरुणाचल प्रदेश के तिराप जिले में यह सबसे ज्यादा एक लाख पर 1,671 है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लैंगिक भेदभाव कम हुआ है। हालांकि, दिव्यांग महिलाओं को सामान्य महिलाओं की तुलना में 10 गुना ज्यादा लैंगिक भेदभाव और हिंसा का शिकार होना पड़ता है।

### धनी महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं का ज्यादा लाभ मिला

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के धनी परिवारों की महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार का ज्यादा लाभ मिला। इसके अलावा विकलांग महिलाएं, लड़कियां, प्रवासी, शरणार्थी, जातीय अल्पसंख्यकों, एलजीबीटीक्यू प्लस, एचआईवी पीड़ित व वंचित जातियों को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का अधिक सामना करना पड़ता है। कमजोर तबकों की स्थिति को जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर प्रवासन जैसी परिस्थितियों ने और खराब किया है।



## ज्वालामुखी विस्फोट के कारण 11 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया,हवाई सेवाएं स्थगित

**जकार्ता,18 अप्रैल 2024।** इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण 11 हजार से अधिक लोगों को विस्थापित किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट उत्तरी सुलावेसी प्रांत में हुआ है। पहला विस्फोट मंगलवार रात को हुआ तो वहीं बुधवार को लगातार चार विस्फोट हुए। इस वजह से क्षेत्र की स्थिति नाजुक हो गई है। ज्वालामुखी विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी स्तर को बढ़ाकर चार कर दिया है, जो खतरे के पैमाने पर सबसे उच्च है।







# मतदान दलों का दो दिवसीय प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

### मतदान दलों को प्रथम दिवस मतदान के सभी पहलुओं के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में दो दिवसीय मतदान दलों का विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। जिसमें मतदान प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपादित करने के लिए मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

मास्टर ट्रेनर के द्वारा मतदान संबंधी सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीन के उपयोग के बारे में बताया गया। मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मतदान प्रक्रिया तथा मतदान समाप्ति के बाद की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए मतदान आरंभ करने के पहले मॉकपोल, वास्तविक मतदान के प्रक्रिया को नियत समय पर शुरू करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसी तरह मतदान समाप्ति के पश्चात ईव्हीएम को बंद करना, सीलिंग पूरी करना, मतपत्र लेखा सहित अन्य प्रपत्रों को प्रतिपूरित करना इत्यादि के बारे में अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट हैंडलिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया।

इस दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा कंप्यूटर पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से मतदान प्रक्रिया सहित ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण के साथ साथ मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों के शंकाओं का समाधान किया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण में मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों के समक्ष ईव्हीएम का प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन दायित्वों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 200 वर्षों में साहेल में पहली बार पड़ रही इतनी भीषण गर्मी,मानव प्रेरित जलवायु परिवर्तन इसकी बड़ी वजह

**डकार, 18 अप्रैल 2024।** वर्ल्ड वेदर एट्रिब्युशन (डब्ल्यूडब्ल्यूए) की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है किअफ्रीका के साहेल क्षेत्र में अप्रैल की शुरुआत से पड़ने वाली भीषण गर्मी का कारण मानव प्रेरित जलवायु परिवर्तन है। पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र माली और बुर्किना फासो में भी एक से पांच अप्रैल के बीच भीषण गर्मी का अनुभव किया गया। अप्रैल में ही यहां का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया है, जिस वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। **जीवाश्म ईंधन के कारण बढ़ रही गर्मी**-डब्ल्यूडब्ल्यूए के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार किए गए जलवायु मॉडलों के अनुसार, अफ्रीका में मार्च और अप्रैल 2024 में देखी गई ताप लहर, 1.2 सेल्सियस की ग्लोबल वॉर्मिंग के बिना उत्पन्न होना असंभव है। शोधकर्ताओं ने इसे मानव प्रेरित जलवायु परिवर्तन बताया है। साहेल क्षेत्र में उच्च तापमान आम है। रिपोर्ट में बताया गया कि अगर लोगों ने जीवाश्म ईंधन जलाकर ग्रह को गर्म नहीं किया होता तो अभी की तुलना में अप्रैल की गर्मी 1.4C ठंडी होती।

**200 वर्षों में पहली बार साहेल में पड़ी भीषण गर्मी**- रिपोर्ट में कहा गया कि 200 वर्षों में साहेल में पहली बार इतनी भीषण गरमी पड़ रही है। भविष्य में भी बढ़ते तापमान का सिलसिला जारी रहेगा। बढ़ती गर्मी के कारण दो देशों में मौतों और अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। डब्ल्यूडब्ल्यूए ने बताया कि प्रभावित देशों में डेटा की कमी के कारण मौतों की सही संख्या बताना असंभव है। गर्मी के कारण सैकड़ों नहीं तो हजारों की संख्या में मौत होने की संभावना जताई गई है।

# सरगुजा लोकसभा राज्य बनने के बाद अपना गढ़ क्यों नहीं बचा पायी कांग्रेस ?

## हर बार कांग्रेस से खिसकते गए वोटर्स क्या इस बार कांग्रेस के तरफ वोटर्स का दिखेगा झुकाव ?

- विशेष संवाददाता -
अम्बिकापुर,18 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र का चुनाव राज्य बनने के बाद से रोचक रहा है । हर बार कड़ी टक्कर के बाद भी कांग्रेस इस सीट को नहीं जीत सकी है। 2018 विधानसभा चुनाव में जब कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई तो ऐसा लगा कि इसका असर लोकसभा चुनाव में भी होगा । लेकिन ऐसा हो ना सका , चाहे प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता रही हो या ना हो फिर भी बीजेपी ने इस सीट से अपना वर्चस्व खत्म नहीं होने दिया ।कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव 2018 में सरगुजा की आठ सीटों पर बेहतर प्रदर्शन किया। लेकिन लोकसभा का चुनाव हार गई । सरगुजा संभाग की बात करें तो वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में यहां की 14 की 14 सीटों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो चुका हैं जहा इन्हीं 14 में से 8 विधानसभा सीट सरगुजा लोकसभा सीट के अंतर्गत आती हैं । कभी कांग्रेस का गढ़ रही सरगुजा लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद बीजेपी का गढ़ बन चुकी है ।प्रदेश में इस बार पांचवीं बार लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। लेकिन पिछले चार लोकसभा चुनाव में एक बार भी कांग्रेस इस सीट पर जीत का स्वाद नहीं चख सकी है।

गौरतलब हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य का सरगुजा लोकसभा सीट एसटी आरक्षित लोकसभा सीट है। देश की आजादी के बाद यहां 17 बार चुनाव हो चुके हैं और 18 वीं लोकसभा के लिए 2024 में चुनाव होने हैं। इस सीट के अस्तित में आने के बाद 1952 और 1957 के चुनाव में दो सांसद चुने जाते थे एक सामान्य वर्ग से और दूसरा एसटी वर्ग से, लेकिन 1962 के चुनाव से पहले परिसीमन हो गये और सीटों का आरक्षण हो गया। जिस कारण दो सांसद बनने की परंपरा पर विराम लग गया। सरगुजा लोकसभा के पुराने क्षेत्रफल की बात करें तो वह काफी बड़ा था। सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर और रायगढ़ जिला इस एक लोकसभा में आते थे जहा पहले परिसीमन के बाद रायगढ़ और कोरिया जिले को इससे अलग किया गया। रायगढ़ को अलग लोकसभा क्षेत्र बनाया और कोरिया का कुछ हिस्सा मध्यप्रदेश की सीधी लोकसभा में शामिल हो गया । हांलाकि बाद में कोरिया जिले को कोरबा लोकसभा में शामिल कर दिया गया। जिसके बाद अब सरगुजा लोकसभा सीट में 3 जिलों की 8 विधानसभा सीटें शामिल हैं ।इस लोकसभा सीट में सर्वाधिक आबादी गोंड समाज की लोगों की मानी जाती है ।इस बार सरगुजा की बात करें तो कांग्रेस ने गोंड समाज से अपना प्रत्याशी बनाया है जहा पूर्व मंत्री की बेटी शशि सिंह मैदान में हैं।जिनके सामने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए चिंतामणि महाराज भाजपा से प्रत्याशी हैं।




छत्तीसगढ़ की सरगुजा कभी कांग्रेस की पारंपरिक सीट मानी जाती थी। लेकिन बदलते वक्त ने कब वोटर्स का मिजाज बदल दिया, खुद कांग्रेस को भी पता ना चला ।विधानसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस कभी आगे तो कभी पीछे रही हो,लेकिन जब बात लोकसभा की आती है,तो कांग्रेस दूर-दूर तक नहीं दिखती । छत्तीसगढ़ बनने के बाद तो सरगुजा में स्थिति और भी ज्यादा खराब हुई। यह माना जाता हैं कि राज्य गठन के बाद रेलवे और सड़क की सुविधाएं तेजी से बढ़ी । रेलवे से जुड़े जो भी बड़े काम हुए वो सभी बीजेपी सरकार के समय ही हुए.जिसका नतीजा ये हुआ कि इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर बीजेपी के प्रति लोगों का झुकाव बढ़ता गया जिस कारण अब सरगुजा लोकसभा सीट बीजेपी का गढ़ बनता जा रहा यह कहना भी गलत नही होगा । मौजूदा चुनाव में भी मोदी का बड़ा चेहरा और राम मंदिर का फैक्टर गूंज रहा है।

### 2004 से बीजेपी का गढ़ है यह सीट

वर्तमान में यहां से 2019 में रेणुका सिंह सांसद चुनी गई । इन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री भी बनाया गया । छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में रेणुका सिंह ने एमसीबी जिले की भरतपुर-सोनहत सीट से चुनाव लड़ा। चुनाव में जीतने के बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था । देश मे आजादी के बाद से यहां 9 बार कांग्रेस ने तो 8 बार भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद 2004 से यहां कांग्रेस कभी चुनाव नहीं जीत सकी है । यहां लगातार बीजेपी के प्रत्याशी जीत दर्ज करते आ रहे हैं । 2004 में नंदकुमार साय, 2009 में मुरारीलाल सिंह, 2014 में कमलभान सिंह और 2019 में रेणुका सिंह यहां से सांसद बनी । राज्य निर्माण के पहले और छत्तीसगढ़ अस्तित्व में आने के बाद 2004 तक कांग्रेस के खेल साय सिंह यहां से 3 बार सांसद रह चुके हैं।

### सरगुजा लोकसभा सीट में मतदाता

जानकारी अनुसार 2024 में सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में कुल 18,02,941 मतदाता हैं । यह आंकड़े मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 की स्थिति के अनुसार है। इसके मुताबिक, कुल 1,71,229 युवा मतदाता हैं, जिसमें 18 से 19 आयुवर्ग के 20078 एवं 20 से 29 आयुवर्ग के कुल 151151 मतदाता शामिल हैं।

### सरगुजा लोकसभा सीट का जातिगत समीकरण

सरगुजा लोकसभा में सरगुजा जिले की अम्बिकापुर, सीतापुर और लुंड्रा विधानसभा शामिल हैं । इसी तरह सूरजपुर जिले की प्रेमनगर, भटगांव और प्रतापपुर विधानसभा इसमें आती हैं ।बलरामपुर जिले की सामरी और रामानुजगंज विधानसभा भी सरगुजा लोकसभा का हिस्सा हैं । यहां एसटी वर्ग के मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। लोकसभा सीट में करीब 65 फीसदी से अधिक मतदाता एसटी वर्ग के हैं । एसटी में भी गोंड सामाज की बहुलता है, इस वजह से यहां ज्यादातर गोंड समाज के प्रत्याशी ही सांसद रहे हैं । जातिगत समीकरण देखा जाये तो यहां कंवर समाज के मतदाता सबसे अधिक हैं, लेकिन गोंड समाज मे एकजुटता के कारण यहां इस गोंड समाज के ही प्रत्याशी सांसद बनते रहे हैं ।

### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने सरगुजा से आदिवासी महिला नेत्री रेणुका सिंह को चुनाव मैदान के उतारा था । मोदी लहर में रेणुका सिंह ने कांग्रेस के सीनियर नेता खेल साय सिंह को बड़े अंतर से शिकस्त दी थी । सरगुजा से रेणुका सिंह 1 लाख 57 हजार 873 मतों से जीतीं थी। भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह को कुल 663711 मत मिले थे, जबकी कांग्रेस के खेल साय सिंह को महज 505838 मतों से ही संतोष करना पड़ा था।

# जशपुर और मनोरा में महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को दिलाई गई शपथ, किया गया जागरूक

जशपुरनगर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी के ी में जशपुर ब्लॉक सहित अन्य ब्लॉक और ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर और रंगोली बनाकर मेहंदी लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां में वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना, देश का भाग्य विधाता बने आप मतदाता, सबसे बे ा दान मतदान, मतदाता वोट हमारा अधिकार, जैसी स्लोगन के साथ महिलाओं ने जागरूकता का सन्देश दिया। इसी तरह मनोरा ब्लॉक में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। समूह की महिलाओं द्वारा शपथ लेकर ग्राम वासियों को स्वीप कार्यक्रम से अवगत कराया गया। इस दौरान सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



# प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

- संवाददाता -
कोरिया,18 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

आयोग के निर्देशानुसार कोरबा संसदीय सीट के लिए तीसरे चरण में 6 और 7 मई को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। बता दें कोरबा लोकसभा संसदीय सीट के तहत 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि आवेदनकर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

### भ्रामक खबरें न हो प्रसार

श्री लंगेह ने जिले के सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया आदि के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी तरह की भ्रामक समाचार प्रकाशित, प्रसारित न हो इस पर विशेष ध्यान रखें ताकि लोकसभा निर्वाचन पूरी तरह से स्वतंत्र, निष्पक्ष, सम्पन्न हो सके।

श्री लंगेह ने आम मतदाताओं से भी कहा कि तथ्यहीन, बेबुनियाद खबरें या अफवाह पर बिल्कुल ध्यान न दें। ऐसी कोई खबरे प्रकाशित, प्रसारित होते हैं तो इसकी सूचना क्लेक्टरेरेट कक्ष में बनाए गए नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 07836-232888 में दर्ज कराएं ताकि निर्वाचन आयोग के नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।

# सबसे हाई प्रोफाइल कोरबा लोकसभा सीट में किस के सर बंधेगा जीत का सहारा ?

## पहली बार महिला प्रत्याशी होगी आमने-सामने...पांडे या महंत इनमें से जनता किस पर करेगी भरोसा ?

## कोरबा लोकसभा के आदिवासी हिस्सों में भाजपा लगा पायेगी सेंध या मिथक रहेगा कायम ?

### छत्तीसगढ़ लोकसभा में पहली बार महिला प्रत्याशी होगी आमने-सामने

- विशेष संवाददाता -
कोरबा/कोरिया,18 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

जैसे जैसे छत्तीसगढ़ में चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आ रहा वैसे ही लोकसभा चुनावों को लेकर हर संसदीय क्षेत्र में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा ठोक रहे हैं। जब कि हर जगह परिस्थिति अलग अलग है जहा कोरबा लोकसभा सीट छत्तीगसढ़ राज्य बनने के बाद परिसीमन के बाद नई सीट है जहा अब तक तीन आम चुनाव ही हुए है ।जहां हर बार जनता ने भाजपा व कांग्रेश के हर चेहरे को एक एक बार मौका दिया । कोरबा को देश का पॉवर हब कहा जाता है। कोयला खदानों से के बीच बसे कोरबा में राज?य और केंद्र सरकारों के साथ ही बड़े पैमाने पर निजी पॉवर प?लांट हैं। इस संसदीय क्षेत्र के सियासी समीकरण को स्थानीय और बाहरी दोनों ही प्रभावित करते हैं। जिस कारण प्रदेश की कोरबा लोकसभा सीट इस समय सबसे हॉट सीट बनी हुई है। क्योंकि कोरबा सीट से बीजेपी ने पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय और बीजेपी की जीत मोदी लहर में प्रत्स्थिा का सवाल बन गया हैं । तो वही कांग्रेस ने सरोज पांडेय के मुकाबले के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष चरण दास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत को टिकट दिया है। ज्योत्सना महंत कोरबा से मौजूदा सांसद है। ऐसे में दोनों दलों ने अपनी अपनी जीत के लिये पूरी ताकत झौंकना शुरू कर दिया है।

### ये है ज्योत्सना महंत

कोरबा सीट से मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत, विधाानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की पत्नी है। ज्योत्सना महंत बीते 25 सालों से जनसेवा कार्य करती आई है। ज्योत्सना अपने ससुर दिवंगत बिसाहू दास महंत और पति चरणदास महंत को अपना आदर्श मानती है। चरण दास महंत केंन्दीय मंत्री भी रहे है। ज्योत्सना महंत ने 2019 में मोदी लहर में कांग्रेस को कोरबा सीट जीताकर दी थी। ज्योत्सना महंत ने बीजेपी के ज्योतिनंद दुबे को चुनाव हराया था।





### ये है सरोज पांडेय

सरोज पांडेय ने अपने राजनीति करियर की शुरुआत बीजेपी से की थी। सरोज पांडेय भिलाई नगर निगम से दो बार महापौर रही है। इसके बाद उन्होंने 2008 में विधायक चुनी गईं। 2009 के लोकसभा चुनावों में दुर्ग लोकसभा से सांसद रही। इसके बाद सरोज पांडेय को बीजेपी ने महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद बीजेपी ने सरोज पांडेय को 2018 में राज्यसभा भेजा। इसके बाद 2024 में बीजेपी ने सरोज पांडेय को कोरबा लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है।

### कोरबा में भाजपा के लिए चुनौती

कोरबा लोकसभा में आने वाला खड़गवां,सोनहत व जनकपुर क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। यहां से बीजेपी कभी लीड नहीं ले पाई है। सबसे बड़ी बात यह है कि खड़गवां क्षेत्र से बीजेपी के दिग्गज नेता आते है, लेकिन इसके बाद भी साय सरकार में वर्तमान मंत्री श्यामबिहारी भी आदिवासियों का दिल नहीं जीत पाए। वही भरतपुर सोनहत से पूर्व सरगुजा सांसद रेणुका सिंह वर्तमान में विधायक हैं फिर भी आदिवासी वोटरों का झुकाव गोंडवाना पार्टी की तरफ हैं जहा अब विधायक के नदारत रहने के आरोप ग्रामीण क्षेत्र में लगने लगे हैं जिस कारण कोरबा लोकसभा में जीत के लिये आदिवासी वोटरों को लुभाना भाजपा के लिए एक मिथम माना जाता है। ऐसे में कयासों का दौर शुरू हो गया है कि इस बार के लोकसभा चुनावों में यह बीजेपी इस मिथक को तोड़ने में कामयाब होगी या नहीं इस पर संसय बना हुआ है । कोरबा सीट पर कांग्रेस लगातार दो बार अपना कब्जा जमाती आई है वही भाजपा भी एक बार जीत दर्ज कर चुकी हैं । बीजेपी ने इस बार कोरबा सीट को जीतने के लिए पहले से ही मास्टर प्लान बना लिया था। बीजेपी ने कोरबा फतह करने के लिए इस क्षेत्र से आने वाले कद्दावर नेता श्यामबिहारी जायसवाल को मंत्री बनाकर बड़ा दांव खेला है। जहा अब भी मोदी लहर में कोरिया व एमसीबी जिले के जनप्रतिनिधि बिना जनता के सामने जाए इस सीट को जीता हुआ मान रहे हैं। अब देखना होगा की बीजेपी का यह दांव कितना काम आता है।

### कोरबा लोकसभा में पहली बार महिला प्रत्याशी आमने-सामने

कोरबा लोकसभा पर अब तक हुए तीन चुनाव में लगातार किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। कोरबा सीट पर तीन बार आम चुनाव हुए हैं और अब 2024 में चौथी बार लोकसभा का चुनाव होना है। कोरबा से मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत हैं। पार्टी ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। वही बीजेपी ने सरोज पांडेय को ज्योत्सना महंत के सामने प्रत्याशी बनाकर चुनावी समर में उतारा है। कोरबा सीट पर ऐसा पहली बार होगा जब भाजपा–कांग्रेस से महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में आमने सामने होंगे। सरोज पांडे इससे पहले दुर्ग लोकसभा से चुनाव लड़ी है।

### कोरबा में 7 मई को मतदान

आपको बता दें कि देश मे 2024 का लोकसभा चुनाव सात चरणों में होंगे। छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में मतदान होगा। जहा कोरबा में 7 मई को मतदान होगा। 7 मई को कोरबा के अलावा सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में मतदान किया जाएगा। वही चुनाव के नतीजे 4 जून को आएंगे।

# सुश्री सरोज पांडे ने प्रदेश मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मौजूदगी में कोरबा लोकसभा का भरा नामांकन

## »11 में से 11 सीटों में कब्जा जमाते हुए जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी भाजपा



- संवाददाता -
कोरबा,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे दिनांक 18 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव,उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन,स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी,कृषि मंत्री रामविचार नेताम,लोकसभा प्रभारी धरमलाल कौशिक,प्रदेश महामंत्री विकास महतो,युवा नेता प्रबल प्रताप सिंह ,सरगुजा विधायक रेणुका सिंह के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया । इस दौरान प्रथम बार कोरबा पहुंचे मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रेस से मुखातिब होते हुए कहा के इस लोकसभा 2024 चुनाव में प्रदेश में आम नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं में अत्यंत उत्साह देखने को मिल रहा है एवं भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश के 11 में से 11 लोकसभा सीटों पर जमाएगी कब्जा , जो एक ऐतिहासिक पल होगा । उन्होंने कहा के कांग्रेस जो यह कह रही है की विधानसभा चुनाव 2023 के पश्चात जो जनता में भाजपा सरकार को लेकर मायूसी छाई है, वह पहले यह देखें कि जो जनता वर्ष 2018 के चुनाव में कांग्रेस पर भरोसा करते हुए प्रदेश की कमान संभालने के लिए दिए थे,उन्होंने भ्रष्टाचार,बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों को प्रदेश में सुलझाने के बजाए और बढ़ाकर उनका भरोसा को तोड़ा है तभी इस 2023 के विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें सबक सिखाते हुए बाहर का रास्ता दिखा दिया है,और होने वाले लोकसभा चुनाव के बाद जनता देश से भी कांग्रेस को पूरी तरह सफाया कर देगी । उन्होंने बताया के 2023 विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने जो जो वादे चुनाव के दौरान किए उसे महज 100 दिन के अंदर ही पूरा किया गया है साथ ही मोदी की गारंटी का भी महतारी वंदन के माध्यम से सभी माताओं एवं बहनों को योजना का लाभ हर माह उनके खातों में दिया जा रहा है साथ ही कहा के किसानों से जो वादा भारतीय जनता पार्टी ने की थी उसका भी लाभ प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही उन्हें दिया गया है, साथ ही रामलला के दर्शन के लिए बुजुर्गों के लिए प्रदेश भर में मुफ्त सेवाएं दी जा रही है । उन्होंने कहा के कोरबा लोकसभा सीट के साथ प्रदेश के सभी 11 सीटों में भारतीय जनता पार्टी आ रही है,जिससे अब डबल इंजन की सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में विकास की लहर दौड़ेगी । श्री साय ने प्रेस के माध्यम से उन जांबाज सिपाहियों को बधाई दी जिन्होंने पिछले दिनों नक्सल ऑपरेशन में 29 नक्सलियों को मार गिराया जिनमे तीन इनामी नक्सली थे । उन्होंने कहा के भाजपा आम नागरिकों की सरकार है यहां नक्सलियों का क्या काम । आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का प्रयत्न किया जाएगा । नामांकन के पश्चात मुख्यमंत्री आम सभा को संबोधित करने कोरबा के हृदय स्थल घंटाघर पहुंचे जहां उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश में चल रहे मोदी गारंटी की योजनाओं को जनता के समक्ष रखा साथ ही जनता से कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने अपील की । इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता सहित कोरबा एवं आस पास के विधानसभा के विधायक साथ ही जिला स्तर के भाजपा प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे । वही इस भीषण गर्मी में 3000 के लगभग आम नागरिक भी मौजूद रहे।



## कलेक्ट्रेट के सामने रक्तरंजित एवं बेहोशी की हालत में मिली युवती, अचानक अस्पताल से हुई फरार

- संवाददाता -
कोरबा,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिला कलेक्टोरेट परिसर के सामने सुबह एक युवती रक्तरंजित अवस्था में बेहोशी की हालत में पाई गई। युवती कौन है और कहां की रहने वाली है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। लोगों की नजर जब उस युवती पर पड़ी तब उसे मरा हुआ समझकर पुलिस को अवगत कराया गया । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को उठाया और उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शराब के नशे में होने के कारण युवती अस्पताल से फरार हो गई। लेकिन हैरत की बात तो यह है,कि इस मामले को लेकर न तो अस्पताल प्रबंधन ने गंभीरता से लिया और न ही पुलिस ने। बताया जा रहा है,कि युवती पर किसी ने हमला किया था जिसके बाद वह कलेक्टोरेट के बाहर पड़ी हुई मिली थी ।



## राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथियों का कब्जा,राहगीर हो रहे परेशान

- संवाददाता -
कोरबा,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिले के कटघोरा वन मंडल के कोरबी-चोटिया मार्ग पर सड़क पार करते आधा दर्जन से अधिक हाथी नजर आए। जिसकी वजह से सड़क के दोनो ओर लंबा जाम लग गया। कटघोरा वन मंडल के कोरबी-चोटिया मार्ग पर लगभग आधे घंटे तक जाम लगा रहा। जानकारी मिलते ही वन अमला मौके पर तैनात हो गया। बताया है कुछ दिनों से हाथियों का दल लगातार इस क्षेत्र में विचरण कर रहा है एवं आए दिन राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित करते हुए एक ओर से दूसरे ओर के जंगल में जा रहे हैं जिससे राह में चल रहे लोगों को घंटो हाथियों को पार होने का इंतजार करना पड़ रहा है साथ ही इतने हाथियों के एक साथ होने से लोगों में दहशत का भी माहौल व्याप्त है । जानकारी के अनुसार गांव से महज 500 मीटर की दूरी पर हाथियों ने डेरा जमाया हुआ है ,जिसे लेकर कटघोरा वनमंडल भी सचेत है एवं लोगों से अपील की है के ग्रामीण जंगल की ओर न जाए ।

लोकसभा निर्वाचन 2024

## 07 प्रत्याशियों ने जमा किए 10 नामांकन पत्र







- संवाददाता -
अम्बिकापुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा क्षेत्र - 01 सरगुजा हेतु सरगुजा जिले में गुरुवार को नाम निर्देशन के सातवें दिन कुल 07 प्रत्याशियों ने 10 नामांकन पत्र दाखिल किए। किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र क्रय नहीं किया है।

### इन अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन पत्र

नाम निर्देशन के सातवें दिन इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रत्याशी शशि सिंह ने दो सेट, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार ने दो सेट नामांकन पत्र, हमर राज पार्टी से अनुक प्रताप सिंह टेकाम ने दो सेट नामांकन पत्र, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से लक्ष्मण सिंह उदय गोंड ने एक सेट नामांकन पत्र, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से श्रीमती कांता मिंज ने एक सेट नामांकन पत्र, निर्दलीय अरविंद कच्छप ने एक सेट नामांकन पत्र तथा निर्दलीय श्रीमती उर्मिला सिंह पायका ने एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया। इस तरह कुल 07 प्रत्याशियों ने 10 नामांकन पत्र दाखिल किए।

बता दें नाम निर्देशन पत्र 19 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक लिए जा सकेंगे। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी 20 अप्रैल को होगी तथा अभ्यर्थियों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 01-सरगुजा हेतु मतदान की तिथि 07 मई को और मतगणना की तिथि 04 जून को निर्धारित की गई है।

## नीट परीक्षा की निशुल्क आवासीय कोचिंग सेंटर में पढ़ रही छात्रों को शिक्षक द्वारा अश्लील मैसेज

**» छेड़छाड़ करने पर छात्रों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को किया गया शिकायत**




- संवाददाता -
लखनपुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

बेहतर शिक्षा के लिए राज्य शासन के द्वारा छात्रों के भविष्य को लेकर कई प्रयास किया जा रहे है लेकिन कुछ शिक्षक अपने गलत हरकत व्यवहार के कारण गुरु और शिष्य की जो रिश्तो की मर्यादा है को खराब करने में लगे रहते हैं जिस वजह से अभिभावक जो कि अपने लड़कियों को स्कूल छात्रावास कॉलेज पढ़ने के लिए के लिए भेजते हैं कुछ शिक्षकों के गलत हरकतो के कारण अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाई दूर बाहर भेजने के लिए डरते हैं मजबूर उनके पढ़ाई रुकना पड़ता है

27 मार्च 2024 से 2 माह के लिए अंबिकापुर में पढ़ाई के लिए नीट आवासीय निशुल्क कोचिंग सेंटर अंबिकापुर में राज्य शासन व सरगुजा कलेक्टर के प्रयास से आसपास विकासखंड के स्थित स्कूलों से बेहतर पढ़ने वाले छात्रों को चयन कर अंबिकापुर छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने की व्यवस्था की गई है सरगुजा के लगभग 200 छात्रों को इस नीट आवासीय निःशुल्क कोचिंग सेंटर अंबिकापुर में पढ़ाई कराई जा रही है । लेकिन एक शिक्षक के अश्लील हरकत अश्लील व्हॉट्सऐप मैसेज छात्रों के मो नंबर लेकर भेजने का मामला प्रकाश में आया है जिससे परेशान होकर नीट की कोचिंग सेंटर में रह रहे छात्रों के द्वारा लिखित शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी को किया गया है लेकिन छात्रों के लिखित आवेदन देने के बावजूद भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है जिस वजह से वहां छात्रावास में रहकर पढ़ने वाली छात्रों द्वारा मजबूरन डर-भय से छात्रावास से कई छात्राएं छोड़कर अपने गांव वापस आ गए । आश्चर्य का विषय है जहां छात्राएं छात्रावास में रह रही हैं उसे छात्रावास में देखने के लिए महिला शिक्षक के बजाय पुरुष शिक्षक को जिम्मेदारी दिया गया है ।

अभिभावक एवं छात्रों द्वारा बताया गया कि आरोपी शिक्षक के द्वारा जबरन लड़कियों से नंबर लिया जाता है उनके आने-जाने वाले बस में भी चढ़कर आवागमन करता है आवासीय छात्रावास में जहां छात्राएं रहते हैं वहां भी कभी-कभी घुस जाता है मोबाइल नंबर लेकर उल्टा सीधा मैसेज करते हैं जिस वजह से छात्राएं मानसिक रूप से काफी परेशान थी कई दिनों से इस तरह से हरकत शिक्षक निलेश तिवारी द्वारा किया जा रहा था जिसमें मजबूर होकर लखनपुर अंबिकापुर छात्रों के द्वारा लिखित शिकायत किया गया।

> द्वारा इस संबंध में चर्चा करने पर बताया गया कि शिकायत मिली है जिस पर तत्काल कार्रवाई किया गया है शिक्षक को वहां से हटा दिया गया है शिक्षक को नोटिस देकर 24घंटे में लिखित में स्पष्टीकरण मांगा गया ।
>
> **अशोक सिन्हा**
> **जिला शिक्षा अधिकारी**

## नियमों का उल्लंघन करने वालों के शस्त्र लाइसेंस हुए निरस्त

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में 16 मार्च 2024 से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाने के उपरान्त जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्वाचन संपन्न कराने के लिए निरंतर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा आदेश जारी कर शस्त्र रखने और जमा करने के नियमों का उल्लंघन करने वालों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।





पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शस्त्रधारियों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा 21 के तहत अपने आग्नेय शस्त्र सीमित समय के लिए नजदीकी थाने में जमा करने होते हैं। सदर रोड अंबिकापुर निवासी श्रीमती रूबी सिद्धकी द्वारा इस नियम का उल्लंघन कर निर्धारित समय में शस्त्र नजदीकी थाने में जमा नहीं कराया गया है जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके शस्त्र लाइसेंस को नवीनीकरण नहीं किए जाने की अनुशंसा की गई। शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन करने पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से लाइसेंस निरस्त किया गया है।

इसी तरह आजाद वार्ड रिंग रोड निवासी श्यामलाल जायसवाल का भी शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में पूर्व में उक्त आवेदक के विभिन्न कानूनी प्रकरणों में संलिप्तता के कारण शस्त्र लाइसेंस को निरस्त किए जाने की अनुशंसा की गई। जिस पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा उक्त व्यक्ति द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से लाइसेंस निरस्त किया गया है।

## जेल में कैदियों को करा रहे हैं योगाभ्यास

### कैदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व औषधियों का वितरण





- संवाददाता -
कोरिया,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जेलों में परिरूद्ध बंदियों में कुछ बंदी विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग ने राज्य के सभी आयुर्वेदिक महाविद्यालयों व अस्पतालों के माध्यम से बंदियों के स्वास्थ्य जांच, उपचार व योगाभ्यास कराने के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में आयुषविंग, जिला चिकित्सालय, बैकुण्ठपुर द्वारा विगत दिनों जिला जेल में 43 कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा औषधियों का वितरण भी किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अरविंद नारायण सिंह ने जानकारी दी है कि वार्षिक कार्य योजना के तहत जेल में कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे मंगलवार को किया जाएगा।

जेल के कैदियों को अष्टांग योग, विशेषकर सूर्य नमस्कार,अनुलोम-विलोम, भ्रामरी भस्त्रिका योगाभ्यास भी कराया जा रहा है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि कैदियों को दिए जा रहे योग के विभिन्न विधाओं से उन्हें मानसिक अस्थिरता से निजात मिलेगी, वहीं उनकी सोच में एक सकारात्मक परिवर्तन आएगी। डॉ. सिंह का कहना है कि वैसे भी हर इंसान को योगाभ्यास करना चाहिए ताकि शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकारों से निजात मिले। इसी परिप्रेक्ष्य को देखते हुए जेल में बंद कैदियों को योग्याभ्यास कराया जा रहा है साथ ही डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के साथ औषधि वितरण भी किया जा रहा है।

## आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 वीं, 9 वीं की प्रवेश परीक्षा अब 24 जून को

- संवाददाता -
कोरिया,18 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक स्कूल, बैकुंठपुर के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि यहां आवासीय विद्यालय संचालित है। स्कूल में सी.बी.एस.ई पाठ्यक्रम हिंदी माध्यम में कक्षा छटवीं व नवमी के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश परीक्षा की नई तिथि 24 जून 2024 को सुबह 11.30 बजे आयोजित की गई है। बता दें पूर्व में प्रवेश परीक्षा तिथि 15 अप्रैल को आयोजित की गई थी, जिसे निरस्त कर दी गई है।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद इकराम पिता मोहम्मद युसूफ अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम मो0 इकराम ईराकी पिता मो0 सुसूफ निवासी वार्ड नं0 34 रिंग रोड खरसिया नाका अम्बिकापुर,सरगुजा, छ0ग0-497001 रख लिया हूँ अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम मो0 इकराम ईराकी पिता मो0 युसूफ से जाना एवं पहचाना जाय।

**शपथकर्ता**
मो0 इकराम ईराकी
वार्ड नं0 34, रिंग रोड, खरसिया नाका,अम्बिकापुर,सरगुजा,छ0ग0
पिन- 497001

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन),प्रतापपुर जिला -सुरजपुर, (छ0ग0)**

**//उद्घोषणा //**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुमन देवी पति पारसनाथ जायसवाल निवासी ग्राम करसी तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम प्रतापपुर स्थित खसरा नंबर 132/8 रकबा 0.012 हे0 भूमि को छ0 ग0भू -राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अंर्तगत कृषि को आवासीय प्रयोजननार्थ व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 01/ 05 /2024 तक अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता हैं। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावगा।

आज दिनांक 16/ 04/ 2024 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा0)प्रतापपुर,सुरजपुर(छ.ग.)

CMYK

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूएसए की पुरुष टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए स्टुअर्ट लॉ



**डलास, 18 अप्रैल 2024।** टी20 वर्ल्ड कप और बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ की नियुक्ति यूएसए की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर हुई है।स्टुअर्ट लॉ का कोचिंग करियर शानदार रहा है, जो तब शुरू हुआ जब उन्हें 2009 में श्रीलंका का सहायक कोच नियुक्त किया गया था। उनका पहला मुख्य कोच पद 2011-12 में बांग्लादेश के साथ था। इसके बाद उन्होंने दो साल के अनुबंध पर 2017-2018 तक वेस्टइंडीज की कमान संभाली।2022 में उन्हें अफगानिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच के रूप में नामित किया गया था और बाद में उसी वर्ष लॉ को बांग्लादेश अंडर-19 क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में भी नियुक्त किया गया था। उन्होंने 2019-21 तक इंग्लिश काउंटी टीम मिडलसेक्स को भी कोचिंग दी थी।

# ये जोड़ी करेगी टीम इंडिया के लिए ओपनिंग

**आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी ध्यान में रखकर फैसला लिया जायेगा और इसके मद्देनर टीम मैनेजमेंट हर एक सफल प्रयास करना चाहेगी...**




**नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2024।** टी 20 विश्व कप को लेकर सभी टीमें अपनी तैयारियों में जुट चुकी है लेकिन टीम इंडिया की बात करें तो भारतीय टीम वनडे विश्व कप गवाने के बाद टी20 विश्व कप को हर हाल में जीतना चाहेगी क्योंकि कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा के लिए ये आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट साबित हो सकता है, लेकिन टीम इंडिया के टी20 विश्व कप के स्क्वाड की बात करें तो इसका फैसला आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी ध्यान में रखकर फैसला लिया जायेगा और इसके मद्देनज़र टीम मैनेजमेंट हर एक सफल प्रयास करना चाहेगी।
टीम इंडिया के सेलेक्शन कमिटी के नजरिये से सोचे तो अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम को एक शानदार समीकरण के साथ टूर्नामेंट में भाग लेगा होगा और हर एक पक्ष चाहे वो बैटिंग हो बोलिंग हो या फिर फील्डिंग,इस फॉर्मेट के लिहाज से ये तीनों फील्ड ही महत्वपूर्ण हैं। इन सब के बीच टीम इंडिया के ओपनिंग जोड़ी को लेकर लगातार हो रही चर्चा में अब एक नया मोड़ सामने आ रहा है। रिपोर्ट्स की माने तो भारतीय टीम के ओपनिंग जोड़ी के तौर पर पहली पसंद रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी है और शुभमण गिल बैकअप ओपनर के तौर पर रहेंगे, रिपोर्ट्स के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर रोहित और विराट की जोड़ी को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की बाढ़ आ गई है। यही नहीं रिपोर्ट में ये भी सामने आ रहा है की यशस्वी जायसवाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर भी हो सकते हैं और राजस्थान रॉयल्स के लिए शानदार फॉर्म में बल्लेबाज़ी कर रहे रियान पराग को टी20 विश्व कप में मौका मिल सकता है।

### भारत-पाकिस्तान टेस्ट सीरीज को लेकर रोहित शर्मा का बयान

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भारत और पाकिस्तान के बीच नियमित तौर पर द्विपक्षीय सीरीज की वकालत की है। उन्होंने कहा कि ये शानदार मुकाबला होगा और टेस्ट क्रिकेट के लिए काफी शानदार होगा।
पॉडकास्ट क्लब प्रेयरी फायर पर, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रोहित से पूछा कि क्या आपको नहीं लगता कि भारत का पाकिस्तान के साथ नियमित रूप से खेलना टेस्ट क्रिकेट केलिए शानदार होगा? रोहित ने इस सवाल के जवाब में कहा कि, मुझे पूरा यकीन है कि मुकाबला जोरदार होगा क्योंकि पाकिस्तान भी अच्छी टीम है। रोहित ने आगे कहा कि, पाकिस्तान के पास शानदार बॉलिंग लाइन अप है। मुझे लगता है कि ये एक अच्छी प्रतियोगिता होगी। खासतौर पर अगर आप विदेशी परिस्थितियों में खेलते हैं। ये कमाल का होगा।

## केंटो मोमोता ने संन्यास की घोषणा की



**नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2024।** दो बार के विश्व चैंपियन जापान के केंटो मोमोता ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन से संन्यास की घोषणा की, जिसके साथ चीन के चेंगदू में थॉमस और उबेर कप फाइनल अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर उनका अंतिम टूर्नामेंट होगा। मोमोता 2018 में चीन में विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले पहले जापानी व्यक्ति बने और अगले वर्ष उन्होंने स्विट्जरलैंड में अपने ताज का सफलतापूर्वक बचाव किया।
मोमोता ने टोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे एहसास हुआ है कि मैं अब उस बिंदु पर वापस नहीं पहुंच सकता जहां मैं फिर से दुनिया में नंबर 1 बनने का लक्ष्य बना रहा हूं। राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हुए मेरा करियर बहुत ही संतुष्टिदायक रहा। अब मैं सभी प्रकार के लोगों को खेल का आनंद लेने में मदद करने में शामिल होना चाहता हूं। 2019 में, मोमोता ने बीडब्लूएफ टूर पर रिकॉर्ड 11 खिताब जीते और उन्हें शीर्ष पुरुष खिलाड़ी का नाम दिया गया। हालाँकि, अगले वर्ष जनवरी में, मलेशिया मास्टर्स खिताब जीतने के बाद कुआलालंपुर में उनकी एक दुखद राजमार्ग दुर्घटना हुई, जिसमें वे चमत्कारिक रूप से बच गए। पूर्व विश्व नंबर 1 ने उसी वर्ष दिसंबर में अपनी प्रतिस्पर्धी वापसी की, लेकिन तब से उनका फॉर्म पहले जैसा नहीं रहा है। वह टोक्यो ओलंपिक में भी निराशा जनक रूप से ग्रूप-स्टेज से बाहर हो गए और दुर्घटना के बाद से केवल दो टूर जीत हासिल की है। मैं झूठ नहीं बोलूंगा, दुर्घटना के बाद मैंने खुद से पूछा, मैं ही क्यों? ईमानदारी से कहूं तो, यह एक के बाद एक कठिन समय था। लेकिन मैं इसका दोष दुर्घटना पर नहीं मढ़ना चाहता था। मैं कोशिश करना चाहता था।



## गुकेश ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2024।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11 वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढत बना ली।

## पहलवान साक्षी मलिक को 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में किया शामिल



**नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2024।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान साक्षी मलिक को 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। कुश्ती में भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गयी है। सूची में अन्य भारतीयों में अभिनेत्री आलिया भट्ट, इंडो-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला शामिल हैं। साक्षी ने दो बार की विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य विजेता बजरंग पूनिया के साथ यहां जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। इन्होंने देश की महिला पहलवानों को डराने धमकाने और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। विरोध प्रदर्शन पिछले साल जनवरी में शुरू हुआ। इसके बाद सिंह के खिलाफ यह लड़ाई एक साल तक चली। सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था लेकिन वह आरोपों से इनकार करते रहे हैं। साक्षी ने उस आंदोलन के बारे में कहा, ''यह लड़ाई अब सिर्फ भारत की महिला पहलवानों के लिए नहीं है। यह भारत की बेटियों के लिए है जिनकी आवाज़ बार बार दबा दी गई। '' सिंह के पद छोड़ने के कुछ ही समय बाद उनके करीबी सहयोगी और व्यवसायिक साझीदार संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष चुना गया। संजय सिंह ने जिस दिन डब्ल्यूएफआई की कमान संभाली, उसी दिन साक्षी ने कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला कर लिया।




## विक्रम के प्रशंसकों को मिला तोहफा, सामने आई फिल्म तंगलान की पहली झलक

बॉलीवुड सितारे अक्सर अपने जन्मदिन पर अपने प्रोजेक्ट से जुड़ी अपडेट साझा कर फैंस को तोहफा देते रहे हैं। इस परंपरा को अभिनेता विक्रम ने भी बखूबी निभाया है। उन्होंने आज अपनी आगामी बहुचर्चित फिल्म तंगलान का फर्स्ट लुक साझा किया है। यह फिल्म अभी निर्माण प्रक्रिया में है। उम्मीद है कि जल्द ही इसकी रिलीज डेट का भी एलान होगा।तंगलान एक ऐतिहासिक एडवेंचर फिल्म है, जिसे पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। यानि फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में व्यापक स्तर पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह है। इस बीच आज विक्रम के जन्मदिन के मौके पर इस उत्साह में मेकर्स ने और इजाफा कर दिया है। फैंस को तोहफा देते हुए मेकर्स ने फिल्म से जुड़ा एक स्पेशल वीडिया साझा किया गया है।इस फिल्म का निर्देशन पा.रंजीत कर रहे हैं। विक्रम के जन्मदिन पर जारी किए गए इस वीडियो को लेकर उन्होंने कहा, फिल्म तंगलान सच्ची घटनाओं पर आधारित एक ऐतिहासिक फिल्म है, जिसमें विक्रम और पूरी टीम की अथक मेहनत है। जियो स्टूडियो और स्टूडियो ग्रीन फिल्म्स इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। निर्देशक ने आगे कहा, मुझे पूरा यकीन है कि यह फिल्म दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचेगी और पसंद आएगी।

## विजय देवराकोंडा प्रेमलु हीरोइन को लुभाने जा रहे हैं?



अगर इंडस्ट्री सूत्रों की मानें तो हॉटशॉट विजय देवराकोंडा अपनी अगली फिल्म में खूबसूरत ममिता बज्जू के साथ रोमांस करेंगे, जो मलयालम ब्लॉकबस्टर प्रेमलु में अपने शानदार अभिनय से तहलका मचा रही हैं। एक सूत्र का कहना है, ममिता बज्जू के यथार्थवादी प्रदर्शन और सुंदर लुक को अन्य भाषा के फिल्म निर्माताओं ने देखा और तेलुगु निर्माता विजय देवराकोंडा की प्रेमिका की भूमिका निभाने के लिए ममिता को लेने की योजना बना रहे हैं। गौतम तिन्ननुरी द्वारा निर्देशित एक प्रेम कहानी होने के नाते, विजय और ममिता एक तरह की ताज़ा कास्टिंग होगी और यह बहुभाषी मनोरंजन को बढ़ावा देगी। उन्होंने आगे कहा, विजय ने कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में प्रशंसक हासिल किए थे और मलयालम अभिनेत्री के साथ उनकी जोड़ी ने फिल्म को मॉलीवुड और पूरे भारत में बहुत जरूरी प्रचार दिया होगा क्योंकि प्रेमलु दुनिया भर में विजेता रही थी। यदि यह सौदा हो जाता है, तो ममिता तेलुगु में अपनी शुरुआत करेंगी और अनुपमा परमेश्वरन, कीर्ति सुरेश, निवेधा थॉमस और मल्लविका मोहनन जैसी मल्लू लड़कियों की सूची में शामिल हो जाएंगी जो टॉलीवुड में चमत्कार कर रही हैं। कुशी में सामंथा और फैमिली स्टार में मृणाल ठाकुर जैसी अनुभवी अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करने के बाद, विजय देवराकोंडा अपनी अगली फिल्म में अपेक्षाकृत नए कलाकार के साथ काम करेंगे।



## अनुराग कश्यप की फिल्म में इस हसीना के साथ आएंगे नजर बॉबी

बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल को लेकर हमने एक बड़ी खबर ब्रेक की है। हमने बताया था कि बॉबी देओल ने हाल ही में एक फिल्म साइन की है, जिसकी शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होगी. इस फिल्म का निर्देशन कोई और नहीं बल्कि अनुराग कश्यप करने वाले हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित होगी। अब हमें जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक, दंगल एक्ट्रेस बॉबी देओल की अगली फिल्म में धमाकेदार एंट्री करती नजर आ रही हैं, जिसका निर्देशन अनुराग कश्यप करेंगे।जूम से जुड़े सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया है कि बॉबी देओल की इस नई फिल्म में सान्या मल्होत्रा की एंट्री हो गई है। इसे लेकर मेकर्स जल्द ही आधिकारिक घोषणा कर सकते हैं। फिल्म की बाकी कास्ट भी अभी फाइनल नहीं हुई है। निखिल द्विवेदी एक ऐसे शख्स हैं, जो अपनी फिल्में बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। इसमें कोई शक नहीं कि अनुराग निर्देशन के मामले में माहिर हैं। बॉबी देओल इस फिल्म को शुरू करने के लिए बेताब हैं। वहीं अगर सान्या मल्होत्रा की बात करें तो उन्होंने अपने टैलेंट को साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. सान्या मल्होत्रा ने अब तक दंगल, बधाई हो, लूडो और जवां समेत कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अब बॉबी देओल के साथ सान्या मल्होत्रा को देखना फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज होगा।

## जान्हवी कपूर स्टारर उलझ का टीजर हुआ आउट




जाह्नवी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक फिल्म उलझ की पहली झलक देखने का फैंस को मौका मिल गया है। मेकर्स ने आज फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। टीजर देखकर लगता है कि सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाने वाली हैं। पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म उलझ के टीजर की बात करें तो इसकी शुरुआत सुहाना उर्फ जाह्नवी की जॉगिंग से होती है। जाह्नवी विदेशी ऑफिसर्स के साथ बातचीत करती हैं। इस दौरान एक वॉयस ओवर सुनाई देता है- सुहाना,क्या तुम सच में सोचती हो कि तुमने जो कुछ भी किया वह तुम्हारे देश के लिए था धोखा,वफा तो महज शब्द हैं जिनमें हम जैसे लोग फंस जाते हैं। ये राष्ट्र, सीमाएं तो रेत पर खींची गई लाईनें हैं.वे किसी लायक नहीं हैं। उलझ का टीजर जाह्नवी कपूर के वॉयसओवर के साथ होता है। जाह्नवी कहती हैं-गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है, या तो देकर या लेकर. टीजर में जाह्नवी कपूर को जासूसी करते देखा जा सकता है जो अलग-अलग फाइलें खंगालती नजर आती हैं। इसके साथ-साथ वे एक्शन अवतार में भी दिखाई देती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी अहम किरदार में हैं। वहीं टीजर में अली खान भी दिखाई दिए हैं। इसके अलावा आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मियांग चांग,राजेंद्र गुप्ता और जीतेंद्र जोशी ने भी फिल्म का हिस्सा हैं। उलझ को सुधांशु और परवेज शेख ने लिखा है। जाह्नवी कपूर की ये फिल्म 5 जुलाई 2024 को थिएटर्स में रिलीज होगी। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे जूनियर एनटीआर स्टारर देवाराः पार्ट 1 में भी दिखाई देंगी. यह उनकी पहली डेब्यू तेलुगु फिल्म है। इसके अलावा उनकी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भी 31 मई, 2024 को थिएटर्स में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में वे राजकुमार राव के साथ दिखाई देंगी।. वहीं उनके पास रामचरण के साथ दूसरी तेलुगु फिल्म आरसी16 भी पाइपलाइन में है।

## अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में नेगेटिव किरदार निभाती नजर आएंगी एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव



अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में रैना की नकारात्मक भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की।यह शो आपको एक अकेली मां जानवी (उल्का गुप्ता) की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है, जिसमें एक माता-पिता की भूमिका निभाते समय एक मां को निरंतर सामाजिक जांच और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है, जो उसकी दुनिया है, लेकिन उनके मजबूत बंधन के बावजूद कियान को घर में एक आदमी की मौजूदगी की कमी का अनुभव होता है।कहानी तब और गहरी हो जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर व्यापारी आर्यमान (करण वोहरा) से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं।शो में मानसी आर्यमन की बहन रैना का किरदार निभाती नजर आएंगी। हालांकि वह बुंदेला परिवार की सबसे छोटी बेटी है, लेकिन बहुत महत्वाकांक्षी है और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करती है। लेकिन वह आर्यमान को पसंद नहीं करती, और वह नहीं चाहती कि बुंदेला की संपत्ति में उसका कोई हिस्सेदार हो क्योंकि वह उसके पिता की दूसरी शादी से हुआ बेटा है।शो में उनका किरदार आर्यमन के जीवन में बहुत सारे संघर्ष और जटिलताएं लेकर आएगा।उसी के बारे में बात करते हुए मानसी ने कहा, मेरा किरदार रैना, अपनी दुष्टता से दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा।

# पहले चरण के मतदान की होगी हाईटेक निगरानी



- » मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी वेबकास्टिंग के जरिए मतदान प्रक्रिया पर रखेंगी नजर
- » सीईओ कार्यालय से मतदान केंद्रों पर रखी जाएगी लाइव नजर

**रायपुर,18अप्रैल 2024(ए)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रदेश में प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में हो रहे मतदान की पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले स्वयं नियंत्रण कक्ष के माध्यम से निर्वाचन गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं।

कंगाले ने बताया कि शुक्रवार को बस्तर क्षेत्र के कुल 14,72,207 मतदाता, जिनमें 7,71,679 महिला तथा 7,00,476 पुरुष मतदाता शामिल हैं, अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तृतीय लिंग के 52 मतदाता हैं। क्षेत्र में कुल 1961 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि बस्तर क्षेत्र में कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिनमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के तीन, गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के छह तथा दो निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। कंगाले ने बताया कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंटा तथा जगदलपुर के 72 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से अपराह्न तीन बजे तक मतदान होगा।उन्होंने बताया कि क्षेत्र के बस्तर और जगदलपुर के शेष 175 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए 1961 मतदान दल, जिनमें 9864 मतदान कर्मी शामिल हैं, अपने मतदान केंद्र तक पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गम एवं संवेदनशील क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में कुल 156 मतदान दलों, जिसमें 919 मतदान कर्मी हैं, को हेलीकॉप्टर के माध्यम से निर्वाचन संपन्न कराने के लिये भेजा गया है। इस चरण में कुल 61 अतिसंवदेशील तथा 196 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में 102 गांव ऐसे हैं जहां पहली बार मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए क्षेत्र में केंद्रीय सुरक्षाबलों की 350 कंपनियां तैनात की गई हैं और राज्य बल की 300 कंपनियां भी वहां तैनात हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद क्षेत्र में 51 बारूदी सुरंग बरामद की गई हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षाबलों के 60 हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा चुनाव बहिष्कार की घोषणा को देखते हुए बलों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 1961 मतदान केंद्रों में से 811 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। मतदान के पहले आज सभी केंद्रों से टेस्टिंग भी सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में स्थापित कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में 16 बड़ी स्क्रीन पर एक साथ 144 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग के जरिए लाइव वीडियो देखी जा सकेगी। जिलावार एवं विधानसभावार हर 30 सेकंड में मतदान केंद्र स्क्रीन पर बदलेंगे जिससे सभी मतदान केंद्रों से आ रहे वीडियो को बारी-बारी से देखा जा सके।

## रीना बाबा साहेब कंगाले ने दी प्रथम चरण के लोकसभा सीट पर चुनाव की जानकारी




लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने मतदान की तैयारी पूरी कर ली है। छत्तीसगढ़ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बस्तर लोकसभा सीट में मतदान की तैयारी पूरी ली गई है। नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षाबलों के 60 हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है।

## भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए वेबकास्टिंग

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए वेबकास्टिंग के माध्यम से कुल मतदान केंद्रों में से आधे मतदान केंद्रों से सीधी तस्वीरें प्राप्त की जा रही हैं। निर्वाचन के दौरान मतदान केंद्रों से सीधी तस्वीरें प्राप्त करने के लिए कैमरे स्थापित किए गए हैं। यह पहली बार है कि मतदान केंद्र के अंदर के साथ ही बाहर भी कैमरे लगाए गए हैं जिससे मतदाताओं की कतारों तथा बाहर की अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी।लोकसभा निर्वाचन के दौरान पहले चरण में जहां 811 मतदान केंद्रों से सीधी तस्वीरें प्राप्त की जाएंगी, वहीं दूसरे चरण में होने वाले तीन लोकसभा क्षेत्रों के लिए 3243 मतदान केंद्रों से तथा तीसरे और अंतिम चरण में सात लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के दौरान 7856 मतदान केंद्रों से लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। इस प्रकार तीनों चरणों में कुल 11 हजार 910 मतदान केंद्रों पर वेब-कास्टिंग के जरिए मतदान की गतिविधियों पर नजर रखी जाएंगी। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन को लाइव वीडियो के माध्यम से जिला स्तर के साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय तथा भारत निर्वाचन आयोग के मुख्यालय स्तर पर देखा जा सकेगा।

# बिरयानी सेंटर में पत्रकारों से मारपीट का मामला गरमाया

- » बिरयानी सेंटर के मैनेजर और कर्मचारी हिरासत में लिए गए
- » सवाल पूछने पर पत्रकार को पीटा,हत्या का संदेह
- » कर्मचारियों की मौत संदिग्ध दोनों की हत्या का संदेह संदिग्ध मौत की जांच निष्पक्ष होनी चाहिए
- » पोस्टमार्टम में सामने आएगी मौत की वजह
- » पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजानिक हो
- » मीडिया कर्मी के साथ गुंडई, मीडिया कर्मी को बिरयानी सेंटर में जाने से रोका एवं मीडियाकर्मी से मारपीट



**रायपुर,18अप्रैल 2024(ए)।** रायपुर के जीई रोड स्थित बिरयानी सेंटर में 2 कर्मचारियों की मौत हो गई है। टैंक की सफाई के लिए दो कर्मचारियों को गटर में उतारा गया था। शुरुआती जांच में गटर की सफाई के दौरान निकली जहरीली गैस से मौत की आशंका जताई जा रही है। लेकिन मामला कुछ और है कई कर्मचारी दबी जबान में बता रहे है कि मीडिया को इसलिए अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है कि हत्या का संदेह है। और मामले को दबाया जा रहा है। साथ ही मीडिया को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा हैं। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। सुरक्षा के लिहाज से बिरयानी सेंटर के मैनजेर और कर्मचारी हिरासत में लिए गए है।

यह भी जानकारी निकलकर सामने आई है कि सभी पुलिसवाले इसी सेंटर से फ्री में बिरयानी खाते है। इसी कारण कार्रवाई करने में आनाकानी किया जा रहा है। उल्टे पत्रकारों पर गलत आरोप लग रहे हैं। पुलिस ने बताया कि गटर की सफाई के दौरान कर्मचारी बेहोश हो गए। जब वे काफी देर तक बाहर नहीं आए, तो होटल में काम करने वाले दूसरे कर्मचारी गटर के पास गए। आवाज लगाने पर कोई जवाब नहीं आया। जिसके बाद कुछ कर्मचारियों ने गटर में उतरकर दोनों को बाहर निकाला। गटर सूखे है. यहां गैस निकलने का का सवाल नहीं उठता अगर गैस से मौत हुई तो अभी भी गैस होनी चाहिए। मृत कमर्चारियों की लाश भी सूखी है । गटर की गंदगी दोनों के शरीर में नहीं हैं। अगर गटर में गैस से मौत है तो कौन सी गैस है अभी गटर में गैस होनी चाहिए ये भी जांच का विषय है। इसी की जांच पड़ताल करने मीडिया कर्मी जब बिरयानी सेंटर में दाखिल होते है तो सबूतों को देखकर सच्चाई का पड़ताल करना था। वहां के मैनेजर और कर्मचारी मारपीट करने लगे। और पत्रकारों को अंदर जाने नहीं दिया गया। जो पत्रकारों की शंका है कि दोनों कर्मचारियों की हत्या हुई है उसके पक्के सबूत होटल के मालिक और कर्मचारी मिलकर नष्ट करने में सफल हो सकते है।

## कलेक्ट्रेट गार्डन में मारपीट, चॉइस सेंटर संचालक को आरोपियों ने किया लहूलुहान

रायपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एसएसपी कार्यालय के बाहर चॉइस सेंटर के संचालक की पिटाई करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उससे मोबाइल मांगा,नहीं देने पर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उनकी तलाश की जा रही है। चॉइस सेंटर संचालक पिनेश कुमार धृतलहरे ने पुलिस को बताया कि, वो अपने भाई विरेंद्र धृतलहरे को जमीन संबंधी दस्तावेज देने के लिए रायपुर पहुंचा था। कलेक्ट्रेट गार्डन के पास अपने भाई का दोपहर तीन बजे इंतजार कर रहा था। इस दौरान दो अज्ञात युवक उसके पास आए और मोबाइल मांगने लगे। युवकों को नहीं जानता था, इसलिए उसने मोबाइल देने से मना कर दिया। उसके मना करने पर आरोपी गाली देने लगे। जिसका विरोध करने मारपीट शुरू कर दी। जिससे पिनेश के बाएं आंख में चोट आई और खून निकलने लगा।

# अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को जेल, अरुणपति त्रिपाठी 25 अप्रैल तक रिमांड में

**रायपुर,18 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ के शराब घोटाले में14 दिन की रिमांड के बाद कारोबारी अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया गया है। अनवर ढेबर और अरविंद सिंह दो मई तक न्यायिक रिमांड पर रहेंगे। वहीं तीसरे आरोपित अरुणपति त्रिपाठी (एपी) 25 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड में रहेंगे। गुरुवार को न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में तीनों को पेश किया गया था। जहां कोर्ट ने यह आदेश दिया है।



इसके अलावा अरविंद सिंह ने जज से इच्छा मृत्यु मांगी है। अरविंद सिंह के आवेदन पर जज ने कहा कि आप वकील के जरिए प्रापर आवेदन लगवाएं। उस पर अलग से सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि तीन अप्रैल को हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से निकलते ही ईओडब्ल्यू की टीम ने अरविंद सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद चार अप्रैल को अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अरुणपति त्रिपाठी को बिहार से पकड़ा गया। तीनों को पेश किया गया। ईओडब्ल्यू के अफसरों को इस सिंडिकेट से जुड़े छह से ज्यादा और लोगों की जानकारी मिली है, जिन्हें जांच के दायरे में लाने की तैयारी अफसर कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में इन सभी लोगों को नोटिस जारी करके बुलाया जाएगा। इनमें रिटायर्ड आइएएस अफसरों के अलावा आबकारी विभाग के अधिकारी और शराब के डिस्टलर्स शामिल हैं।

# नक्सलियों के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा जरूरी:विष्णुदेव साय

**रायपुर,18अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो टूक लहजे में कहा है कि नक्सलियों को शहीद बताने वाले, 29 नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने को फर्जी एनकाउंटर बताने वाले और मुठभेड़ की जाँच की मांग करने वाले कांग्रेसी अब यह साफ-साफ जान लें कि बस्तर की जनता विकास की समर्थक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया कि नक्सलियों के खात्मे के लिए कांग्रेस का खात्मा जरूरी है और इसकी शुरुआत बस्तर की जनता कल 19 अप्रैल को करने जा रही है। सीएम ने स्पष्ट किया कि कांकेर मुठभेड़ को लेकर जिस तरह के बयान कांग्रेस नेताओं ने दिए हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि नक्सलियों को पाल-पोसकर संरक्षण देने का काम कांग्रेस हमेशा करती रही है जो अब बस्तर की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।



नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के निर्दोष बेटों के खून से बस्तर की धरती को लाल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस के सफाए के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बहुत जल्द छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद से मुक्त कराएगी।

सीएम साय ने कहा कि नक्सलियों के सबसे सुरक्षित किले में घुसकर एक साथ 29 नक्सलियों को मार गिराना ऐतिहासिक सफलता है। नक्सलियों पर की गई यह सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक है। सीएम साय के बयान पर कांग्रेस के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री अपने सोचने-समझने की शक्ति खत्म कर चुके हैं। मुख्यमंत्री का ऐसा कहना भाजपा की फासीवादी सोच को दर्शाता है। विपक्ष को पूरी तरह खत्म करने की सोच तानाशाही रवैये की ओर इशारा करती है, और ऐसे तानाशाह पार्टी भाजपा को खत्म करने की शुरुआत कल बस्तर की जनता करेगी।

# मुकेश गुप्ता को मिली राहत

## हाईकोर्ट ने कार्रवाई पर लगाई रोक



**बिलासपुर,18अप्रैल 2024(ए)।** रिटायर्ड डीजीपी मुकेश गुप्ता के खिलाफ की जा रही लोक आयोग की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। आयोग को उनके विरुद्ध दर्ज प्रकरण निरस्त करने का आदेश दिया है। साथ ही शिकायतकर्ता माणिक मेहता को छूट दी है कि वे नए सिरे से विधिवत शिकायत दर्ज करा सकते हैं। गुप्ता के खिलाफ मेहता ने सन् 2020 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मिक्की मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के नाम पर राज्य शासन से तीन करोड़ रुपये का अनुदान लिया। अनुदान की राशि से गरीबों को मोतियाबिंद के मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध करानी थी लेकिन गुप्ता ने इसका इस्तेमाल अपना लोन पटाने के लिए किया। ट्रस्ट ने एमजीएम नेत्र संस्थान भवन के लिए एसबीआई बैरन बाजार, रायपुर शाखा से तीन करोड़ 10 लाख रुपये का लोन लिया था। लोक आयोग के अलावा माणिक मेहता ने ईओडब्ल्यू में भी शिकायत की थी, जिस पर मुकेश गुप्ता उनके ट्रस्टी पिता जयदेव गुप्ता तथा डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा अग्रवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 406 तथा 120 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया था। लोक आयोग में दर्ज शिकायत की वैधानिकता को लेकर गुप्ता की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद लोक आयोग को उनका प्रकरण निरस्त करने का आदेश दिया है।

# बैंक कर्मी ने सटोरियों के 9 करोड़ रुपए ट्रांजक्शन कराए

**भिलाई,18अप्रैल 2024(ए)।** ऑनलाइन सट्टा को लेकर दुर्ग पुलिस फिर से एक्टिव हो गई है। पिछले दिनों वीआईपी कैफे में हुई रेड के बाद पकड़े गए आरोपियों के और भी कई लिंक सामने आए, जिसके बाद महादेव एप के ऑपरेटर्स के लिए सिम और बैंक अकाउंट का इंतजाम करने वाले दो आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक टेम्परी बैंक कर्मी था। जिससे साठगांठ कर बैंक में करीब 120 खाते खुलवाए गए हैं, जिसमें 8 से 9 करोड़ रुपए का ट्रांजक्शन किया गया है। ये वो आरोपी है जो पिछले दिनों सुपेला के वीआईपी कैफे में चल रहे हुक्काबार की रेड के दौरान फरार थे। रेड में पकड़े गए तीन आरोपियों से पुलिस ने 50 सिम और कई खाते जब्त किए थे। जिसके बाद खाता किसने खुलवाया और सिम किस दस्तावेजों पर इशु कराए इसकी पूछताछ करने पर संतोष कोसरे और कुणाल का नाम सामने आया, जिसे सुपेला पुलिस ने कल गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि इस मामले पूछताछ के बाद और भी कई खुलासे होंगे।



# उटपटांग बातें ना करें भूपेश बघेल

**रायपुर,18 अप्रैल 2024 (ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा नक्सल घटनाओं पर सवाल उठाए जाने पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल को कैसे पता चल रहा है कि यह फर्जी एनकाउंटर है। वहीं भूपेश के पूर्व की घटनाओं पर बयान देने की बात पर कहा कि यह उनका अभी का बयान है। उटपटांग बातें ना करें। ढाई सौ सड़कें,90 पुल-पुलिया क्यों नहीं बनाएं. लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बस्तर होने वाले चुनाव की तैयारियों पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सली घबराए हुए हैं, बदहवास हैं। उन्होंने फिर से हत्या की है. नारायणपुर में घर में घुसकर मारा है. सिविलियन को मार रहे हैं. दहशत फैलाना चाहते हैं, इसलिए ऐसा कर रहे हैं।




उन्होंने कहा कि मतदान में जितने सुरक्षा दल जा रहे हैं, वह सुरक्षित लौटकर आए, यह ईश्वर से प्रार्थना है. सबसे अपील है कि पुलिस के सभी निर्देशों को माने।अति उत्साह में कोई कुछ ना करें। जो सैनिक और सुरक्षाकर्मी हैं, वह भी अति उत्साह में ना आएं। कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत के नक्सलियों को शहीद कहने पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पहले राज बब्बर ने भी कहा था। नक्सली जब मारे गए हैं, तो उन्हें लग रहे कि सब कुछ फर्जी हो रहे हैं। जिस समय विभाग ने कहा था 50 नक्सली मारे गए,उसी समय नक्सलियों ने भी प्रेस नोट जारी कर कहा था कि हमारे 50 आदमी शहीद हुए। नक्सली खुद इस बात को कह रहे हैं, और फिर भी कहा जाए कि फर्जी इनकाउंटर है, तो मैं समझ नहीं पा रहा हूं।

# छुट्टी के दिन कानून की छात्रा की अपील पर सुनवाई की हाईकोर्ट ने

**बिलासपुर,18अप्रैल 2024(ए)।** हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की एक छात्रा की अपील पर हाईकोर्ट ने रामनवमी के अवकाश दिन सुनवाई की और कुलपति को उसके आवेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा।

मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली की उक्त छात्रा रायपुर की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आखिरी सेमेस्टर की छात्रा है। पिछले सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान उसे नकल करते पाया गया। यूनिवर्सिटी की कमेटी ने उसके संबंधित विषय की परीक्षा रद्द कर दी थी, साथ ही एक साल के लिए परीक्षा में बैठने पर पाबंदी लगा दी थी।



इस मामले में छात्रा ने विश्वविद्यालय की समिति के समक्ष आवेदन किया था, जिसमें एक वर्ष के लिए परीक्षा देने से वंचित करने का दंड वापस लेने का अनुरोध किया गया। उसे राहत नहीं मिली। तब उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। यहां सिंगल बेंच ने विश्वविद्यालय के फैसले को उचित ठहराया और छात्रा को वहां से भी राहत नहीं मिली। उसने सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट रजिस्ट्रार कार्यालय में याचिका दायर कर बताया कि चूंकि 18 अप्रैल से उसकी अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होने वाली है, इसलिये उसके आवेदन पर तत्काल सुनवाई का अवसर दिया जाए। याचिका स्वीकार करते हुए जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने छात्रा को आंशिक राहत दी है। कोर्ट ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से कहा है कि छात्रा के प्रकरण पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए परीक्षा में बैठने की अनुमति देने पर विचार करे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)